दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 312
कोटद्वार गुरूवार
23 मार्च 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## प्रदेश की 824 बहनों को मिली स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में नियुक्ति

### मुख्यमंत्री ने मुख्य सेवक सदन में प्रदान किये 187 नियुक्ति पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : नवसंवत्सर और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश की 824 बहनों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में विभिन्न जनपदों में नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को 187 एएनएम को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सुदूर गांवों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए इन महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को ग्रामीण क्षेत्रों में नियुक्ति प्रदान की जा रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं व शिशुओं की भी देखभाल करने की इन पर जिम्मेदारी होगी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता बहनें अपने क्षेत्र के उपकेन्द्र के आस-पास की आबादी को उपचार प्रदान करने की जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगी। प्रसूती माताओं को सहयोग करने के साथ-साथ गर्भावस्था की जाँच, पंजीकरण सहित नवजात शिशु की देखभाल आदि कार्यो में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हमारी एएनएम निभाती हैं।

नारी शक्ति उत्सव के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चयनित सभी एएनएम को बधाई देते हुए कहा कि हमारी इन बहनों को जन सेवा करने का भगवान ने सुनहरा अवसर दिया है, जन सेवा करने से इनको जो संतुष्टि मिलेगी एवं लोगों का जो आशीर्वाद मिलेगा उससे इनका जीवन पूर्णतः सफल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मातृ शक्ति को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश मातृ शक्ति के जीवन में कल्याणकारी परिवर्तन लाने और उनके भविष्य को उत्कृष्ट बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। राज्य में महिलाओं को 30 प्रतिक्षत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। आज हमारी बहन-बेटियों ने हर क्षेत्र में अपना एक अलग स्थान बनाया है और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का जो सरकार ने लक्ष्य रखा है, उसमें हमारी मातृशक्ति का सहयोग एवं आशीर्वाद जरूरी है। उत्तर-ाखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए सभी विभागों द्वारा आगामी 10 साल के रोडमैप पर कार्य किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि आज जिन एएनएम को नियुक्ति दी गई हैं, ये सभी अगले पांच सालों तक प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में सेवाएं देंगी। अब प्रदेश में 92 प्रतिशत एएनएम उपलब्ध हो गये हैं। जल्द ही मेडिकल कॉलेजों में 171 असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की जा रही है। इससे अल्मोड़ा, श्रीनगर एवं हल्द्वानी में असिस्टेंट प्रोफेसर की कमी दूर हो जायेगी।

जल्द ही 300 एमबीबीएस डॉक्टर पास आउट हो रहे हैं। उन्हें भी जल्द नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे। राज्य सरकार का प्रयास है कि 2024 तक प्रदेश में शत प्रतिशत एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति हो जाए। स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत बनाने के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य चौपाल लगाये जायेंगे। इसके लिए पूरा रोस्टर बनाया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम्य विकास एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी, परिवहन मंत्री चंदन राम दास, कुलपति हे.न.ब. चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हेमचंद्र पाण्डे, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता शाह, प्राचार्य दून मेडिकल कॉलेज डॉ. आशुतोष सयाना, अपर सचिव स्वास्थ्य श्रीमती अमनदीप कौर एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एएनएम को नियुक्ति पत्र देते हुए।

## खाई में गिरा ट्रक, चालक घायल

**पौड़ी** : नजीबाबाद बिजनौर उत्तर प्रदेश से पाबौ आ रहा सब्जी का एक ट्रक सिमखेत के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हालांकि चालक ने कूदकर जान बचा ली। ट्रक चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ में भर्ती कराया गया। जहां चालक का उपचार किया जा रहा है। पाबौ चौकी प्रभारी दीपक पंवार ने बताया कि बुधवार की सुबह 5 बजे नजीबाबाद से पाबौ आ रहा सब्जी का ट्रक सिमखेत के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। जिसमें चालक संतोष मामूली रूप से घायल हो गया। बताया कि ट्रक मालिक को सूचना दे दी गई है।

## मेडिकल स्टोर संचालक पर्ची के बिना दवा न दें

**पौड़ी** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण के एंटी ड्रग्स सेल ने मेडिकल स्टोर संचालकों से बिना पर्ची के दवा न देने की अपील की है। सेल ने थलीसैंण नगर पंचायत के बाजार में स्थित मेडिकल स्टोर पर जाकर उन्हें युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने में सहयोग करने का आह्वान किया। मेडिकल स्टोर संचालकों से कहा गया कि उन दवाओं को जिनका प्रयोग ड्रग्स के रूप में किया जा रहा बिना पर्ची के न दी जाए। साथ ही अगर इस तरह का कोई व्यक्ति उनकी जानकारी में हैं तो उसकी सूचना उपलब्ध कराए ताकि उन्हें काउंसलिंग कर नशे से दूर किया जाए। इस मौके पर एंटी ड्रग्स सेल के नोडल अधिकारी डॉ. विवेक रावत, डॉ. छाया सिंह, डॉ. निर्मला रावत, डॉ. विकास प्रताप सिंह आदि शामिल थे।

## पीजी, बीएड और एमएड के लिए 19 अप्रैल तक करें आवेदन

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में सत्र 2023-24 में स्नातकोत्तर और बीएड एवं एमएड पाठ्यक्रम के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीयूईटी के माध्यम से आयोजित होने वाली पीजी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 19 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। गढ़वाल विवि के सीयूईटी के नोडल अधिकारी प्रो. अनिल कुमार नौटियाल ने बताया कि वर्ष 2023-24 की यूजी और व्यावसायिक पाठ्यक्रम बीएड एवं एमएड की प्रवेश परीक्षा सीयूईटी के माध्यम से आयोजित की जाएगी। जबकि परीक्षा एनटीए द्वारा कराई जाएगी। बताया कि इच्छुक छात्र एनटीए की वेबसाइट पर 19 अप्रैल तक सांय 5 बजे तक आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि 20 से 23 अप्रैल तक छात्र अपने आवेदन पत्र संशोधित कर सकते हैं। (एजेंसी)

## सुको कॉलेजियम ने की मद्रास हाई कोर्ट के जजों के रूप में नियुक्ति के लिए 4 जिला न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्य न्यायाधीश (उखक) डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मद्रास हाई कोर्ट के जजों के रूप में नियुक्ति के लिए चार जिला न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की।सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में जस्टिस संजय किशन कौल और केएम जोसेफ शामिल हैं। बता दें कि कॉलेजियम ने आर शक्तिवेल, पी धनाबल, चिन्नासामी कुमारप्पन और के राजशेखर के नामों की सिफारिश की है।21 मार्च के प्रस्ताव में कहा गया कि मद्रास हाई कोर्ट के जज के रूप में चार न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के लिए 10 अगस्त, 2022 को हाई कोर्ट कॉलेजियम द्वारा की गई सिफारिश पर तमिलनाडु के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने सहमति जताई है।

## कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच पीएम मोदी ने की उच्चस्तरीय बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी बुधवार को अहम बैठक की। इस दौरान देश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा की गई। जानकारी के मुताबहिक, कोरोना के मामलों में तेजी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हालात और सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा के लिए यह उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी।

इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को अपडेट किए गए आंकड़ों से पता चला कि भारत में 1134 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए। मौजूदा वक्त में 7,026 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इस दौरान पांच लोगों की मौत भी हुई। छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र में एक-एक मौत की खबर है। इसके अलावा एक कोरोना संक्रमित की जान केरल



**हालात-तैयारियों की हुई समीक्षा**

में गई। देश में दैनिक सकारात्मकता 1.09 फीसदी दर्ज की गई, जबकि साप्ताहिक सकारात्मकता 0.98 प्रतिशत आंकी गई।

इससे पहले 16 मार्च को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच राज्यों को चिट्ठी लिखी थी। मंत्रालय ने महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक को चिट्ठी लिखकर कोरोना के प्रति सतर्क रहने को कहा था। मंत्रालय ने परीक्षण, ट्रैक, उपचार, टीकाकरण और कोरोना से लड़ने के अनुरूप व्यवहार की रणनीति का पालन करने को कहा था। इन राज्यों में कोविड-19 मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में सरकार से फाइव फोल्ड स्ट्रैटेजी के तहत हालात पर नजर रखने और जरूरी उपाय करने को कहा है।

केरल में कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। इसके बाद राज्य सरकार ने बुधवार को सभी जिलों में अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि राज्य में मंगलवार को 172 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। तिरुवनंतपुरम और एर्नाकुलम जिलों में वायरस के मामले अधिक हैं। राज्य में फिलहाल 1,026 सक्रिय मामले हैं, इनमें 111 लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सभी जिलों को अलर्ट कर दिया गया है। जिलों को निगरानी मजबूत करने का भी निर्देश दिया गया है।

भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार चले गए थे।

## गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलेंगें

**उत्तरकाशी** : गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट आगामी 22 अप्रैल को खुलेंगे। चैत्र प्रतिपदा एवं नवरात्र के शुभ अवसर पर विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट खुलने का शुभ मुहूर्त निकाला गया। जिसमें अक्षय तृतीय पर प्रातः 12 बजकर 35 मिनट पर विधिवत पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ गंगोत्री धाम के कपाट देश विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनाथ खोल दिए जाएंगे।



बुधवार को गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल व सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि मां गंगा की उत्सव डोली 21 अप्रैल को अपने शीतकालीन प्रवास मुखबा से दोपहर 12:15 मिनट पर गंगोत्री धाम के लिए प्रस्थान करेगी, जो रात्रि को भैरों घाटी में विश्राम करेगी। अगले दिन 22 अप्रैल की सुबह मां गंगा की डोली 09 बजे गंगोत्री धाम पहुंचेगी। जहां पर गंगा पूजन, गंगा सहस्त्रनाम एवं विधिवत हवन पूजन करने के बाद दोपहर 12.35 बजे पर सर्व आमृत सिद्धि योग में गंगोत्री धाम के कपाट देश विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जायेंगे। वहीं दूसरी ओर इसी दिन यमुनोत्री धाम के कपाट भी अक्षय तृतीया के पर्व पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जायेंगे। यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव भागेश्वर उनियाल ने बताया कि 22 अप्रैल को ही यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनाथ खोल दिए जायेंगे। जिसके लिए छटवें नवरात्र अर्थात यमुना जयंती पर कपाट खुलने का मूहर्त निकाला जायेगा। इसके बाद प्रदेश में चारधाम यात्रा विधिवत रूप से शुरू होगी और श्रद्धालु अगले छः माह तक गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम में ही मां गंगा व यमुना के दर्शन कर सकेंगे। (एजेंसी)

## छेड़छाड़ व लैंगिक हमला करने वाले को पांच वर्ष की कैद

**हरिद्वार।** दस वर्षीय नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में अपर जिला जज/विशेष पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश अंजली नौलियाल की अदालत ने आरोपी युवक को दोषी करार दिया है। विशेष कोर्ट ने दोषी को पांच साल के कठोर कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता फौजदारी आदेश चंद चौहान ने बताया कि 12 जनवरी 2021 को दोपहर तीन बजे ज्वालापुर क्षेत्र में पीड़िता अपने घर से दुकान पर सामान लेने गई थी। थोड़ी देर के बाद नाबालिग रोते हुए अपनी मां के पास पहुंची। पीड़िता ने मां को बताया था कि हमारे घर के पास किराए के कमरे में रहने वाले आरोपी युवक ने उसके साथ छेड़खानी की। इस घटना के बाद पीड़िता के परिजनों को देखकर आरोपी भागने का प्रयास किया था। हालांकि आरोपी युवक को मौके से ही पकड़ लिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी नवीन चंद जोशी पुत्र ख्याली चंद जोशी निवासी रोलधार थाना गंगोलीहाट जिला पिथौरागढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पीड़िता पक्ष ने कुल पांच गवाह कोर्ट के समक्ष पेश किए थे।विशेष कोर्ट ने दोषी को पांच साल कठोर कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## दिल्ली में एक बार फिर महसूस किए गए भूकंप के झटके

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली में बुधवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 2.7 मापी गई। इसका केंद्र नई दिल्ली में जमीन से पांच किलोमीटर गहराई में था। आसपास के कुछ इलाकों में भी झटके महसूस किए गए।

इससे पहले कल यानी मंगलवार रात रात 10 बजकर 19 मिनट पर दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.6 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप का केंद्र जमीन से 156 किलोमीटर गहराई में अफगानिस्तान का फायजाबाद था।

मंगलवार को आए भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग घबराकर अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के झटके दिल्ली के अलावा उत्तराखंड, पंजाब में भी महसूस किए गए थे। हर




जगह अफरा-तफरी का माहौल रहा था। लोगों ने दो से तीन बार झटके महसूस हुए थे।

भूकंप के आने की मुख्य वजह धरती के अंदर प्लेटों का टकरना है। धरती के भीतर सात प्लेट्स होती हैं जो लगातार घूमती रहती हैं। जब ये प्लेटें किसी जगह पर आपस में टकराती हैं, तो वहां फॉल्ट लाइन जोन बन जाता है और सतह के कोने मुड़ जाते हैं। सतह के कोने मुड़ने की वजह से वहां दबाव बनता है और प्लेट्स टूटने लगती हैं। इन प्लेट्स के टूटने से अंदर की एनर्जी बाहर आने का रास्ता खोजती है, जिसकी वजह से धरती हिलती है और हम इसे भूकंप मानते हैं।

रिक्टर स्केल पर 2.0 से कम तीव्रता वाले भूकंप को माइक्रो कैटेगरी में रखा जाता है और यह भूकंप महसूस नहीं किए जाते। रिक्टर स्केल पर माइक्रो कैटेगरी के 8,000 भूकंप दुनियाभर में रोजाना दर्ज किए जाते हैं। इसी तरह 2.0 से 2.9 तीव्रता वाले भूकंप को माइनर कैटेगरी में रखा जाता है। ऐसे 1,000 भूकंप प्रतिदिन आते हैं इसे भी सामान्य तौर पर हम महसूस नहीं करते। वेरी लाइट कैटेगरी के भूकंप 3.0 से 3.9 तीव्रता वाले होते हैं, जो एक साल में 49,000 बार दर्ज किए जाते हैं। इन्हें महसूस तो किया जाता है लेकिन शायद ही इनसे कोई नुकसान पहुंचता है।

लाइट कैटेगरी के भूकंप 4.0 से 4.9 तीव्रता वाले होते हैं जो पूरी दुनिया में एक साल में करीब 6,200 बार रिक्टर स्केल

**रिक्टर स्केल पर 2.7 रही तीव्रता**

पर दर्ज किए जाते हैं। इन झटकों को महसूस किया जाता है और इनसे घर के सामान हिलते नजर आते हैं। हालांकि इनसे न के बराबर ही नुकसान होता है।

इससे पहले बीते शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की 38वीं बैठक हुई थी। इसमें मुख्यमंत्री केजरीवाल, राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत के अलावा सेना, एनडीएमए, एनआईडीएम और राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान संस्थान के अधिकारी शामिल रहे। जिसमें बताया गया कि देश के भूकंपीय मानचित्र पर दिल्ली उच्च क्षति जोखिम क्षेत्र चार में है, ऐसे में किसी भी आपदा से बचाव के लिए तैयार रहना होगा। एलजी ने कहा था कि दिल्ली को किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने की जरूरत है।

## केदारनाथ में बर्फ हटाने में जुटे मजदूर

**रुद्रप्रयाग।** बुधवार को मौसम ने साफ हुआ तो केदारनाथ यात्रा तैयारियों में जुटे विभागों ने राहत की सांस ली। इसी को देखते हुए डीडीएमए ने 110 मजदूरों की टीम को लिंचौली एवं केदारनाथ दोनों तरफ से बर्फ हटाने में लगा दिया। हालिया बर्फबारी से लोनिवि डीडीएमए को पैदल मार्ग से दोबारा बर्फ हटाने में मेहनत करनी पड़ रही है। बीते तीन दिनों से केदारनाथ पैदल मार्ग लिंचौली से केदारनाथ के बीच बर्फबारी के चलते आवाजाही के लिए बंद है। हालांकि अब मजदूर इसे खोलने में जुटे हैं। बुधवार को डीडीएमए ने 60 मजदूरों को लिंचौली से केदारनाथ की ओर बर्फ हटाने के लिए लगाया है जबकि 50 मजदूर केदारनाथ से नीचे की ओर बर्फ हटाने में जुटे हैं।

## दुबई में बब्बर खालसा के सदस्य ने दी थी खालिस्तानी अमृतपाल को ट्रेनिंग

**चंडीगढ़, एजेंसी:** वारिस पंजाब दे संगठन की नींव रखने वाले दीप सिद्धू के पीछे अवतार सिंह खंडा का दिमाग था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय जांच एजेंसियों से मिले इनपुट में पता चला है कि बीते दिनों लंदन में भारतीय उच्चायोग के सामने उत्पात मचा तिरंगे को हटा कर पीले रंग का दूसरा झंडा लगाने के मामले में अवतार सिंह खंडा को गिरफ्तार किया गया। खंडा से पूछताछ में इस बात का खुलासा हुआ है कि उसने ही अमृतपाल को ट्रेनिंग दी थी।

जांच एजेंसियां इंटरनेट मीडिया पर



पोस्ट की गई कई वीडियो की जांच कर रही है, जिसमें अवतार सिंह खंडा दीप सिद्धू की मौत के बाद उसकी विरासत को आगे बढ़ाने की बात कह रहा है। जांच में पता चला है कि अवतार सिंह खंडा ने ही अमृतपाल को पंजाब पहुंचने से पहले तैयार किया था।

उसी ने अमृतपाल को बताया था कि आगे क्या-क्या करना है। ध्यान रहे कि खंडा बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के परमजीत सिंह पम्मा का साथी है। दुबई में रहते हुए अमृतपाल की दोस्ती बीकेआई के सदस्यों के साथ हुई।

इस दौरान व पम्मा के संपर्क में आया। पम्मा के कहने पर अवतार सिंह ने उसके लिए ट्रेनिंग व अन्य फंड का इंतजाम किया। यूके, कनाडा व कुछ अन्य देशों से खालिस्तानी समर्थक पंजाब में अमृतपाल के साथ जुड़े लोगों के खातों में पैसा भेजते थे। पैसा हवाला के जरिए भी आता था। अमृतपाल अपने पास मोबाइल फोन नहीं रखता था और अलग अलग नंबरों से विदेशों में बैठे लोगों से बात करता था। पुलिस की ओर से जिन लोगों को अब तक गिरफ्तार किया गया है उनकी काल डिटेल से इस बात का खुलासा हुआ है।

उधर वेश बदलकर फरार हुए वारिस पंजाब दे व खालिस्तान समर्थक और अलगाववादी भगोड़े अमृतपाल सिंह की तलाश में पुलिस का ऑपरेशन लगातार पांचवें दिन जारी रहा। पुलिस ने अमृतपाल के परिवार के बैंक खातों और उसकी पत्नी किरणदीप कौर के खालिस्तान समर्थकों के साथ संबंधों की जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही पुलिस अमृतपाल के करीबियों के बैंक खातों में कौन-कौन से देश से फंड ट्रांसफर हुए इसकी जानकारी भी जुटा रही है। ध्यान रहे कि अमृतपाल बीती 18 मार्च से फरार है। आरोपी अमृतपाल पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाने के साथ ही उसका लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) और गैर जमानती वारंट भी जारी किए गया हैं।

## बंद रूटों पर छोटे वाहन चलाएगा जीएमओयू

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** गढ़वाल मोटर ओनर्स यूनियन लिमिटेड की ओर से पर्वतीय क्षेत्रों में बंद पड़े रूटों पर छोटे वाहन चलाने की तैयारी की जा रही है। उक्त मार्गों पर वर्षों पूर्व जीएमओयू की बसें संचालित होती थी। लेकिन, किन्ही कारणों से इन्हें बंद कर दिया गया था।

जीएमओयू के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने बताया कि जीएमओयू के बंद पड़े मार्गों पर छोटे वाहन चलाने का निर्णय लिया गया है। रूटों पर वाहनों के संचालन के लिए जीएमओयू को आवेदन भी मिल रहे हैं। जीएमओयू की ओर से डांडा नागराजा, दिऊसा, कोलाखाल, थैलीसैण, तिलखोली, पोखडा, पोखडा/चौबट्टाखाल, बछेली, त्रिपालीसैंण, पटोटी/पाबौ, पॉग, रिखणीखाल/रथुवाढाब, बमणीसैण /रिखणीखाल, बसडा, धुमाकोट, रिखणीखाल/पाणीसैण, बन्नी, थैर, घेरुवा, कांडाखाल, पनास, रिखणीखाल भौन वाया डेरियाखाल, टकोलीखाल, कलवाड़ी रूट पर छोटे वाहन चलाने की तैयारी की जा रही है।

# 9 करोड़ 70 लाख की सड़क, खोजने से भी नहीं मिल रहा डामर

### बदहाल स्थिति में पड़ी है बंजादेवी-पाणीसैंण मैंदणीसारी मोटर मार्ग

जयन्त प्रतिनधि।

कोटद्वार : सरकारी सिस्टम किस तरह सरकारी धन का दुरुपयोग करता है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण रिखणीखाल प्रखंड के बंजादेवी–पाणीसैंण–मैंदणीसारी मोटर मार्ग पर देखने को मिल रहा है।

नौ करोड़ की लागत से बनाया गया यह मार्ग वर्तमान में पूरी तरह खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुका है। 25 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर डामर खोजना भी एक चुनौती बन गया है। मार्ग पर जगह–जगह बने गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों को जख्म दे रहे है। बावजूद सरकारी सिस्टम गहरी नींद से जागने को तैयार नहीं है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कार्यालय (सिंचाई खंड) कोटद्वार को वित्तीय वर्ष 2015-16 में बंजा देवी-रिखणीखाल मोटर मार्ग के डामरीकरण के लिए 9 करोड़ 70 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी।

23 जुलाई 2015 से निर्माण कार्य शुरू किया गया था। वर्ष 2018 तक विभाग ने 25 किलोमीटर लंबे मार्ग का मरम्मत कार्य पूर्ण कर दिया था। लेकिन, छः वर्षों में ही मार्ग बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य विनोद रावत ने बताया कि निर्माण के तहत कार्यदायी संस्था को पहले सड़क पर मिट्टी बिछानी थी व उसके बाद डामर की अलग-अलग परतें बिछानी थी। लेकिन, निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता के कारण उक्त मार्ग बदहाल हो चुका है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य कर्तिया विनीता ध्यानी ने बताया कि दियोड़ से आगे डेढ़ सौ मीटर तक मार्ग पूरी तरह नाले में तब्दील हो गया है। बरसात के दौरान मार्ग पर सफर करना भी मुश्किल हो जाता है।



रिखणीखाल प्रखंड में बदहाल स्थिति में पड़ा बंजादेवी–पाणीसैंण–मैंदणीसारी मोटर मार्ग

#### निर्माण के दौरान भी उठे थे सवाल

मार्ग निर्माण के दौरान ग्रामीणों ने उसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए थे। यही नहीं ग्रामीणों ने कुछ दिन के लिए निर्माण कार्य भी रूकवा दिया था। आरोप था कि विभाग सड़क पर हल्की मिट्टी बिछाकर केवल नाममात्र का ही डामर बिछा रहा है। जिससे यह अधिक समय तक नहीं टिक पाएगा। आरोप है कि ग्रामीणों के सवाल खड़े करने के बाद भी विभाग ने लापरवाही दिखाई। नतीजा आज करोड़ों की सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।

## देश के विकास में योगदान दे रही महिलाएं



कोटद्वार में आयोजित बैठक में भाग लेती महिलाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** भारत तिब्बत सहयोग मंच महिला मोर्चा की ओर से चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन बैठक का आयोजन किया गया। सदस्यों ने कहा कि आज महिलाएं देश की तरक्की में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन पटेल मार्ग स्थित मंच कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष अर्चना शर्मा ने कहा कि आज महिलाएं पुरुषों के साथ कांधे से कांधा मिलाकर देश के विकास में अपना योगदान दे रही हैं।

प्रदेश उपाध्यक्ष रानी नेगी ने कहा कि आज भारत विश्व में एक शक्ति के रूप में उभर कर आ रहा है। इस मौके पर प्रदेश मंत्री लीला कर्णवाल, जिला उपाध्यक्ष सविता खंडूरी, जिला सोशल मीडिया प्रमुख ममता भट्ट, जिला महामंत्री इंदु जुयाल, लक्ष्मी बलूनी, मीरा चौहान, उमा रावत, लक्ष्मी नेगी, दीपा कठैत आदि मौजूद रहे।

## नवरात्र के प्रथम दिन किया पूजा-पाठ

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति के तत्वावधान में पदमपुर मोटाढाक में विक्रमी संवत्सर 2080 के शुभागमन व चैत्र नरात्र के उपलक्ष में पूजा पाठ का आयोजन किया गया।

भरोसा कंडवाल के नेतृत्व में सुंदर कांड का पाठ किया गया। इस से पूर्व शिव शक्ति दुर्गा मन्दिर में प्रातः सात बजे कलश स्थापना कर विधिवत मां दुर्गा की स्तुति की गई। इस अवसर पर सभी को विक्रम सम्वत 2080 की शुभकामनाएं दी गई। वक्ताओं कहा कि आज का दिन सनातन की उत्पति का दिन है। नव सृजन एवम् उत्सव का दिन है, धर्म ग्रंथों के अनुसार आज के ही दिन ब्रह्मा जी ने श्रृष्टि को रचा था, इसी दिन भगवान श्री राम एवम् धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था एवम् उज्जैन के सम्राट महाराज विक्रमादित्य ने नए पंचांग का प्रारम्भ किया था जिसके द्वारा देश राज्य के सम्बन्धित सभी विषयों की गणना की जाती है। यह वह समय है जब प्रकृति में नया परिवर्तन आता है पेड़ पौधों में फूल खिलते हैं व नई फसल तयार होती है। इस अवसर पर मनमोहन काला ने सनातन धर्म पर अपने विचार रखते हुए कहा कि यदि धर्म कोई है तो सिर्फ सनातन ही है जो पुरातन के साथ विज्ञान से भरा है। नंदन सिंह नेगी ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए सब को आगे आने का आग्रह करते हुए श्री राम के आदर्शों पर चलने का आवाह्न किया। इस अवसर पर जगत सिंह नेगी, दिनेश चौधरी, मीनाक्षी बड़थ्वाल, नीरजा गौड़, अनुराग कंडवाल, एसपी डोबरियाल, राज किशोर ममगाईं, रेखा ध्यानी, वंदना, मनमोहन काला के अलावा कई भागवत प्रेमी उपस्थित थे



मंदिर में पूजा अर्चना करते समिति के सदस्य

## श्रीनगर में निकाली शोभा यात्रा

**श्रीनगर गढ़वाल :** भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन पर्व पर श्री जयदयाल अग्रवाल संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों ने नगर में शोभायात्रा निकाली। बुधवार को संस्कृत महाविद्यालय श्रीनगर के छात्रों ने नगर के गणेश बाजार, गोलापार्क, काला रोड आदि मार्गों पर शोभायात्रा निकाल कर नववर्ष का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य जगदीश प्रसाद सकलानी ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य द्वारा हूणों पर विजय प्राप्त कर अखण्ड भारत का निर्माण किया गया था। आज के दिन ही ब्रह्माजी द्वारा नव सृष्टि का निर्माण कर ईश्वर ने चार ऋषियों को वेद का ज्ञान दिया। कहा कि वसन्त ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिषदा से ही होता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक हरीश अग्रवाल, सुनील प्रसाद फोन्दणी, गिरीश चंद्र डिमरी, द्वारिका प्रसाद कपरूवाण, मुकेश प्रसाद पंत, दीपकराज नौटियाल, संगीता भट्ट, हरिश प्रसाद पैन्यूली, ज्योति रावत, नरेश दत्त पेटवाल, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : चैत्र नवरात्र के पहले दिन कोटद्वार व आसपास के मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। मंदिरों में सुबह से ही मां के जयकारों के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ किया गया। नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्र की पूजा अर्चना की।

नवरात्र के पहले दिन कोटद्वार के दुर्गा देवी मंदिर, सुखरो देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापित किया गया। अधिकांश मंदिरों में सुबह से ही चंडी पाठ व हवन शुरू हुआ था। कई श्रद्धालु नंगे पांव जय माता दी का गुणगान करते हुए मंदिर जाते हुए दिखाई दिए। श्रद्धालुओं ने अपने घर में भी घट स्थापित कर चंडी पाठ करवाया। कोटद्वार-दुगड्डा के मध्यम स्थित दुर्गा माता मंदिर में भी दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद लिया। वहीं, सिद्धबली मंदिर के समीप स्थित दुर्गा मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा हुआ था। पाटीसैंण के अंतर्गत ज्वाल्पा देवी मंदिर में विधि विधान के साथ घट स्थापित कर देवी पाठ का शुभारंभ किया गया। भक्तों ने व्रत रख मां से अपने परिवार व देश के लिए सुख-शांति की कामना की।



नवरात्र के अवसर पर घर में सजा माता का मंडप

## प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले दुष्प्रभाव बताएं

**श्रीनगर गढ़वाल :** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के हिमालयी जलीय जैव विविधता विभाग की ओर से विश्व जल दिवस के अवसर पर सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्रों ने शहर के विभिन्न मार्गों पर रैली निकालते हुए प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। इस मौके पर हिमालयी जलीय जैव विविधता विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जेएस चौहान ने बताया कि प्लास्टिक माइक्रो प्लास्टिक में टूटकर हमारे जलीय पारिस्थितिकी तंत्र जैसे नदी, तालाब, झरने और उनमें रहने वाले जीवों के भीतर पहुंच जाते हैं और विभिन्न समस्याएं उत्पन्न करता है। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक को प्रयोग पूर्णतः बंद करने की अपील की। इस मौके पर विभाग के डॉ. कौशल, नेहा बडोला, वैशाली भट्ट, दीप्ति सेमवाल, क्षितिज, मोनालिसा, अनामिका, रजनीश, निकिता, दयाकर, नौशाद आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# हवन के साथ किया नववर्ष का अभिनंदन



कोटद्वार में हवन करते समिति के सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** हिंदू नववर्ष के आगमन पर बुधवार प्रातः भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति और नववर्ष सत्कार समिति कोटद्वार की ओर से मालवीय उद्यान में यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हवन से निकलने वाले अग्नि के ताप और उसमें आहुति के लिए उपयोग की जाने वाली हवन की प्राकृतिक सामग्री यानी समिधा वातावरण में फैले रोगाणु और विषाणुओं को नष्ट करती है। साथ ही प्रदूषण को भी मिटाने में सहायक होती है। हवन की सुगंध व ऊष्मा मन व तन की अशांति व थकान को भी दूर करने में सहायक होती है। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी दिनेश जुयाल, मंडल प्रभारी अमित सजवाण, विजय भाटिया, जितेंद्र काला, सुबोध मंमगाई, विपुल उनियाल और चंद्र किशोर असवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नवरात्रि शुरू, पहले दिन की शैलपुत्री की पूजा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बुधवार से नवरात्रि की शुरुआत हो गई। नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों और घरों में घटस्थापन करते हुए शैलपुत्री की पूजा की गई। इस दौरान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। बुधवार को नवरात्रि के पहले दिन अछरीखाल स्थित वैष्णो देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। वहीं, भुवनेश्वरी मंदिर में घटस्थापन के साथ ही मां आरती, दैनिक पूजा, वैदिक आचार्यों द्वारा शतचंडी पाठ, गुरुकुल के छात्रों द्वारा रामचरितमानस पारायण, रुद्राभिषेक रुद्री पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर के अनुसूया प्रसाद सुंद्रियाल ने बताया कि नवरात्रि पर प्रतिदिन विभिन्न सामाजिक अनुष्ठानों के साथ ही निःशुल्क चिकित्सा शिविर, महिला कीर्तन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

# चैत्र नवरात के पहले दिन ब्लॉक प्रमुख ने दी सड़क की सौगात



ब्लॉक प्रमुख कल्जीखाल बीना राणा का स्वागत करती हुई महिला।

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली :** हिन्दू नव सम्वतसर 2080 के चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर कल्जीखाल प्रमुख बीना राणा ने विकासखण्ड कल्जीखाल द्वारा मां भुवनेश्वरी मन्दिर सांगुडा बिलखेत में निर्मित सुरक्षा दीवार फेंसिंग एवं मन्दिर से घाट तक सड़क निर्माण कार्य का विधिवत लोकार्पण कर क्षेत्र के लोगों को सौगात दी। मंदिर समिति द्वारा प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र राणा को मंदिर समिति का आजीवन सदस्य बनाया गया।

प्रमुख कल्जीखाल बीना राणा एवं प्रमुख द्वारीखाल महेन्द्र राणा का मन्दिर समिति के अध्यक्ष मदन सिंह रावत एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ. नेत्र बल्लब नैथानी, मन्दिर समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुगणों ने गाजे बाजो के साथ माल्यापर्ण कर स्वागत किया। मन्दिर समिति द्वारा चैत्र मास की प्रतिपदा पर प्रमुख बीना राणा की अगुवाई में बिलखेत चौराहे से भुवनेश्वरी मंदिर तक विभिन्न कीर्तन मंडिलियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर प्रांगण में पंडित गणेश सेलवाल द्वारा विधि विधान पूर्वक मंत्रो चारण के साथ पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर प्रमुख बीना राणा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हम अपनी भारतीय संस्कृति को जीवित रख सकते है, हमें अपनी देवी देवताओं का हमेशा पूजन करना चाहिए, तभी हम पर देवी देवताओं की कृपा दृष्टि बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि आज चैत्र नवरात्र का प्रथम दिन है, हम हिन्दुओं का नववर्ष आज से शुरू हो रहा है। चैत्र नवरात्र एवं कर्तिक नवरात्र में महिलाएं मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर 9 दिनों तक व्रत का अनुष्ठान करती है तथा नवमी के दिन छोटी कन्याओं को भोजन कराकर व्रत का पारायण करती है। ये उपवास हमारे स्वास्थ्य के लिए भी उत्तम है, क्योंकि ठण्ड का मौसम खत्म हो रहा है गर्मी शुरू हो रही है ऐसे में हम उपवास रख कर अपने शरीर का मजबूत बना सकते है। प्रमुख द्वारीखाल महेन्द्र राणा ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को बचाये रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन करने चाहिए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी हरेंद्र कोहली, प्रधान बिलखेत सुमित्रा देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेन्द्र सिंह, जेष्ठ प्रमुख अनिल नेगी, कनिष्ठ उप प्रमुख अर्जुन पटवाल, पूर्व जेष्ठ प्रमुख महेंद्र सिंह मवाना, प्रधान दिवाई अजय पटवाल, प्रधान धारी मदन सिंह रावत, प्रधान ओलना मोहन सिंह, प्रधान थापला राकेश कुमार, प्रधान सुतारगाव सुनील कुमार, प्रधान संगठन अध्यक्ष रमेश चन्द शाह, प्रधान बड़कोट नवीन कुमार, क्षेत्र पंचायत दिउसा महेश चंद्र, महिला मंगल दल अध्यक्ष चोपड़ा यशोदा देवी, पूर्व सचिव भारत भूषण नैथानी, प्रेम प्रकाश कुकरेती, पप्पू नयाल, शिवराज सिंह नेगी, अशोक रावत आदि मौजूद थे।

# स्वयं सेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान, दिया संदेश

**कोटद्वार :** श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल पदमपुर के एनएसएस शिविर के दौरान स्वयं सेवियों की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने अन्य लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। वहीं, विद्यालय में योग शिविर भी चलाया गया।

आयोजित चौथे दिन के शिविर में योगाचार्य डा.अंकित बौंठियाल ने स्वयं सेवियों को योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर पाने के लिए हमें अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवियों को आयुर्वेद के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। श्री गुरु राम राय पैरा मेडिकल कालेज कोटद्वार के प्राचार्य डा. गिरीश उनियाल ने कहा कि शिविर के माध्यम से बच्चों को कई नई जानकारियां मिलती है। हमें शिविर में मिलने वाली जानकारी को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। अभियान के दौरान स्वयं सेवियों ने विद्यालय परिसर के आसपास स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु द्विवेदी, सतेंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।



एनएसएस शिविर में स्वच्छता अभियान चलाते स्वयं सेवी

# 1 एक साल नई मिसाल



> 21 वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है।
>
> **नरेन्द्र मोदी**
> प्रधानमंत्री

## संकल्प नये उत्तराखण्ड का

- प्रदेश की मातृ शक्ति के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण।
- लखपति दीदी योजना में वर्ष 2025 तक प्रदेश की 1.25 लाख महिलाओं को लखपति बनाने की पहल।
- राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का निर्णय।
- चारधाम और कांवड़ यात्रा में कुशल प्रबंधन से रिकॉर्ड संख्या में आए श्रद्धालु।
- केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम की तर्ज पर मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कुमाऊं के पौराणिक और प्राचीन मंदिर क्षेत्रों में अवस्थापनात्मक विकास।
- वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक जिला दो उत्पाद योजना।
- स्टेट मिलेट मिशन, मंडुआ की न्यूनतम समर्थन कीमत 3574 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीद।
- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने में उत्तराखण्ड अग्रणी राज्य। प्रदेश के राजकीय विद्यालयों के प्रतिभावान छात्रों के लिए मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना।
- टेली मेडिसिन के लिए 400 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को 04 मेडिकल कॉलेज से जोड़ा गया।
- 06 एरोमा वैली विकसित करने की योजना। 50 हजार पॉलीहाउस से बदलेगी उद्यानिकी की तस्वीर। इसके लिए बजट में 200 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- मिशन दालचीनी, मिशन तिमरु प्रारंभ करने का निर्णय।
- नई खेल नीति से प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, खेल अवस्थापनात्मक सुविधाओं का विकास।
- उद्योगों को बढावा देने के लिए उत्तराखण्ड लॉजिस्टिक नीति, प्राइवेट इंडस्ट्रियल एस्टेट पॉलिसी।
- मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना में सब्सिडी बढ़ाकर 40 प्रतिशत की।
- नई पर्यटन नीति में स्वरोजगार को बढ़ावा, 100 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान।

## मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी

- केदारनाथ, बदरीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री के साथ ही टनकपुर-पिथौरागढ़ की सड़क कनेक्टिविटी में सुधार के लिये चारधाम ऑलवेदर सड़क परियोजना पर तेजी से काम गतिमान।
- दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड, नजीबाबाद-अफजलगढ़ बाईपास के साथ ही सितारगंज से टनकपुर रोडमार्ग को चार लेन में परिवर्तित करने की स्वीकृति।
- केन्द्र सरकार से पौंटा साहिब-देहरादून, कनखल-कंधनपुर, भानियावाला-ऋषिकेश, काठगोदाम-लालकुआं-हल्द्वानी बाईपास और रुद्रपुर बाईपास परियोजनाओं की महत्वपूर्ण सौगात।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से काम गतिमान।
- गौरीकुण्ड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ड साहिब रोपवे का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया। पर्वतमाला परियोजना पर तेजी से काम गतिमान।
- उत्तराखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार द्वारा 1202 मोबाईल टावर की स्वीकृति।

भर्ती माफिया पर कड़ा प्रहार, देश का सबसे सख़्त नकल विरोधी कानून।

जबरन और प्रलोभन से धर्मांतरण पर रोक के लिए सख्त कानून।

समान नागरिक संहिता के लिए मजबूती से बढ़े कदम।

अंत्योदय परिवारों को साल में तीन गैस रिफिल निःशुल्क।





> माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा है कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का होगा। उनके इस वाक्य ने उत्तराखण्डवासियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। केन्द्र सरकार से राज्य को प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है। राज्य सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और जनसंतुष्टि के मूलमंत्र पर चलते हुए अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के विकास, कल्याण और उन्नति के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम वर्ष 2025 तक देवभूमि को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
>
> **पुष्कर सिंह धामी**
> मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# आरएसएस के स्वयं सेवकों ने नगर में निकाला पथ संचलन



सितारगंज, नूतन वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने नगर में पथ संचलन किया।

बुधवार को विक्रमी संवत 2080 के प्रथम दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज से पथ संचालन की शुरुआत की। जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर वापस स्कूल पहुंचकर संपन्न हो गया। मुख्य वक्ता कैलाश थपलियाल ने स्वयंसेवकों को समर्पण भाव से देश हित में कार्य कर भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। अध्यक्षता शीतल सिंघल ने की। वहां भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, नगर संघचालक हुक्मचन्द मौरिजावाला, सह नगर संघचालक सुरेश जोशी, जिला बौद्धिक प्रमुख सन्तोष मिश्रा, जिला प्रचारक जितेन्द्र, नगर प्रचारक चन्द्रशेखर, पूर्व नगर कार्यवाह महेश मित्तल, नगर कार्यवाह मुकेश श्रीवास्तव, रवि रस्तोगी, नवीन गोयल, राजेन्द्र मित्तल, अनिल गर्ग, आदेश चौहान, अजय क्वीरा, जमुना प्रसाद साहू, उमेश गर्ग, राजकुमार चौहान, जगदीश गुरुरानी, विजय सलूजा, कुलदीप गंगवार, अनिरुद्ध राय, दिनेश मिश्रा, पवन गुप्ता, मनोज गुप्ता, राजू हरियाणवी, विवेक शर्मा, पवन बड़सीवाल आदि थे।

## गदरपुर में वन हेल्थ कैंप का आयोजन

रुद्रपुर। गदरपुर के महतोष में वन हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन वन हेल्थ सपोर्ट यूनिट, पशुपालन और डेयरी विभाग भारत सरकार, बुक इंडिया, पशुपालन विभाग, उत्तराखंड स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, जीबी पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर आदि के सहयोग से किया गया। जमील अहमद, विकास अश्व कल्याण समिति के अध्यक्ष ने वन हेल्थ कैंप का उद्घाटन किया। पशुपालन विभाग उत्तराखंड ने पशु स्वास्थ्य जांच, बीमार पशुओं के उपचार, कृमि नासन और आगे की उपचार सेवाओं के लिए पशु चिकित्सालयों को रेफर करने की सुविधा बताई।

# एससी—एसटी वर्ग के छात्रों को जल्द छात्रवृत्ति की राशि देने की मांग

अल्मोड़ा। एबीवीपी ने एससी—एसटी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्रवृत्ति से वंछित विद्यार्थियों को जल्द छात्रवृत्ति की राशि दिये जाने की मांग की है। मामले में बुधवार को कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है।

ज्ञापन में कहा कि बीएड स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के सभी छात्र—छात्राओं के एनसीपी आवेदन को समाज कल्याण विभाग की ओर से निरस्त कर दिए हैं। कहा कि बीएड में अध्यननरत अधिकांश छात्र निम्न आर्थिकी वाले परिवारों से आते है। पिछले कोरोना काल के कारण प्रवेश देरी से हुए थे, जिस कारण कई छात्र—छात्राएं एनसीपी पोर्टल बंद होने से छात्रवृत्ति से वंचित रह गये थे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि एसएसजे विवि से संबंद्ध कॉलेजों में छूटे सभी छात्रों को जल्द छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाय। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के प्रदेश सह मंत्री दीपक उप्रेती, नीरज बिष्ट, भारतेंदु कांडपाल, राहुल गड़िया, प्रशांत कांपड़ी, नितिन मेहरा, प्रकाश पोखरिया समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आसाम राइफल्स पूर्व सैनिकों की 29 मार्च को होगी बैठक

पिथौरागढ़। सीमांत में आसाम राइफल्स भूतपूर्व सैनिकों की आगामी 29 मार्च को बैठक होगी। बुधवार को भूतपूर्व सैनिक मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि बैठक में संगठन के जनरल सेक्रेटरी तुलसी नायर शिरकत करेंगे। इस दौरान भूतपर्व सैनिकों की समस्याओं, पेंशन, कोर्ट संबंधी मामले को लेकर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि को बैठक नगर के डाट पुलिया स्थित एक होटल में सुबह साढ़े नौ बजे से होगी। उन्होंने सभी भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से उक्त बैठक में शामिल होने की अपील की है।

# खटीमा में राइस मिलर से मांगी रंगदारी

रुद्रपुर। राइस मिल व्यवसायी देवेंद्र कुमार जुनेजा उर्फ राजू से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। वह कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष भी हैं। बदमाशों ने डाक से एक लिफाफा भेजा। इसमें एक 32 बोर का कारतूस और धमकी भरा पत्र था। इसमें बदमाशों ने बिटक्वाइन में रंगदारी देने की मांग की है। रंगदारी मांगे जाने से परिवार दहशत में है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। लोहियाहेड रोड निवासी देवेंद्र कुमार जुनेजा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनका राइस मिल का व्यापार है। उनकी पीलीभीत रोड ग्राम भगचुरी जमौर में जुनेजा एग्रो इंडस्ट्रीज है। 12 फरवरी को इंडस्ट्रीज में डाक द्वारा एक लिफाफा प्राप्त हुआ। इसके अंदर एक छोटी सी डिब्बी में एक 32 बोर पिस्टल का कारतूस और एक धमकी भरा टाइप किया पत्र मिला। पत्र में 3.5 बिटक्वाइन की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी न देने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। पत्र में कहा कि 15 फरवरी तक 1.5 बिटक्वाइन नहीं दिए तो हमारी तरफ से यह डील खत्म हो जाएगी। बाकी के 2 बिटक्वाइन के लिए 25 फरवरी तक का समय दिया गया है। एक बिटक्वाइन की कीमत लाखों रुपये में होती है। पत्र मिलने के बाद परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। जुनेजा ने पत्र व उसके अंदर रखा कारतूस पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 386 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ वीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच एसएसआई अशोक कुमार को सौंपी गई है।

## शिक्षा समितियों के काम नहीं करने से हर माह छह लाख का नुकसान'

रुद्रपुर। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमत्ता साहिब के अध्यक्ष हरबंस सिंह चुघ ने कहा है कि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री नानकमत्ता साहिब की शिक्षा समिति के निर्माण के लिए आपसी सहमति नहीं बन पाई। मीटिंग में दो तिहाई बहुमत के आधार पर शिक्षा समितियां तो बना दी गईं,

## मेले में आने वाले व्यापारियों से शुल्क लेगी मंदिर कमेटी

बागेश्वर। भद्रकाली मंदिर समिति की यहां आयोजित बैठक में चैत्राष्टमी मेले को भव्य बनाने पर जोर दिया गया। मेले में आने वाले व्यापरियों ने 150 और 200 रुपये शुल्क लिया जाएगा। साथ ही मेले में किसी को भी अंडा, मीट आदि बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मंदिर कमेटी में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि चैत्राष्टमी और नवमी को मंदिर में क्षेत्र को बड़ा मेला लगता है।

मेले को आकर्षक और भव्य बनाया जाएगा। तय किया गया कि मेले में आने वाले व्यापारियों से कमेटी द्वारा तय की गई शुल्क राशि ली जाएगी।

# बिजली के बिल वसूली के लिए ऊर्जा निगम सख्त



बागेश्वर। बिजली के बिलों की वसूली के लिए ऊर्जा निगम सख्त हो गया है। विभाग इन दिनों जहां कनेक्शन काटने में जुट गया है, वहीं बिल जमा करने के लिए लोगों को जागरूक भी कर रहा है। दस दिन के भीतर डेढ़ करोड़ रुपये की वसूली करना विभाग के लिए चुनौती है।

सरकारी विभागों पर लाखों की देनदारी बची हुई है। इसके अलावा कई होटल संचालक भी बिल जमा करने में पीछे हैं। मालूम को कि मार्च में ऊर्जा निगम बिजली के बिलों की वसूली के लिए मार्च में अभियान चलाता है। इधर, एक हफ्ते से विभाग वाहनों के माइक लगाकार शहर से लेकर गांव तक लोगों को बिजली के बिल जमा करने की अपील कर रहा है। साथ ही जो बिल जमा नहीं कर रहे हैं उनके कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं। साढ़े चार करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष विभाग अब तक तीन करोड़ की वसूली कर चुका है। डेढ़ करोड़ की वूसली करने के लिए विभाग के पास दस दिन बचे हैं। दस दिन में इनती बड़ी रकम वसूलना किसी चुनौती से कम नहीं है। जिले में 68 हजार घरेलू उपभोक्ता तथा चार हजार व्यावसायिक उपभोक्ता हैं। सरकारी विभागों पर लाखों की बकायेदारी है।

# पूर्णागिरि में पहले नवरात्र को उमड़ा आस्था का सैलाब



चम्पावत। नवरात्र के पहले दिन पूर्णागिरि धाम में आस्था का सैलाब दिखा। तकरीबन 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाया। श्रद्धालुओं को माता के दर्शन के लिए छह से सात घंटे का लंबा इंतजार करना पड़ा। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस के पसीने छूटे रहे। बुधवार को नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। भीड़ को देखते हुए जगह—जगह पर बैरिकेडिंग के जरिए श्रद्धालुओं को रोका गया। नवरात्र की पूर्व संध्या पर कई राज्यों से हजारों श्रद्धालु माता के धाम पहुंचे। यहां यूपी समेत बिहार, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, राजस्थान और नेपाल से श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा। ककराली गेट से से मुख्य मंदिर तक पहले नवरात्र को भक्तों की कतार लगी रही। श्रद्धालु शारदा घाट में स्नान के बाद ब्रह्मदेव स्थित सिद्धबाबा मंदिर पहुंचे। इसके अलावा ठुलीगाड़ मेला क्षेत्र में दर्जनों श्रद्धालुओं ने भंडारे पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी ने बताया कि 24 घंटे में करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए हैं। इधर मेला मजिस्ट्रेट सुंदर सिंह ने बताया कि व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पूर्व विधायक और विधायक की लड़ाई से व्यापारियों को नुकसान'

रुद्रपुर। सितारगंज के पूर्व विधायक नारायण पाल ने रुद्रपुर के पूर्व विधायक और मौजूदा विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों की आपसी लड़ाई के चलते व्यापारियों की दुकानें हटाने में प्रशासन कामयाब हुआ।

बुधवार को पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व विधायक नारायण पाल ने कहा कि जी—20 सम्मेलन भारत के लिए काफी जरूरी है, लेकिन रुद्रपुर के पूर्व विधायक और मौजूदा विधायक व्यापारियों को छोड़कर अपनी आपसी लड़ाई में लगे रहे।

# राष्ट्रीय स्वयसेवकों ने सितारगंज में निकाला पथ संचलन

रुद्रपुर। नव वर्ष और प्रतिपदा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बुधवार को शहर में पथ संचलन निकाला। जगह—जगह लोगों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के परिसर में स्वयंसेवक एकत्र हुए। यहां से पथ संचलन शुरू किया। जो किच्छा रोड, खटीमा रोड होते हुए विद्या मंदिर में सम्पन्न हुआ। पथ संचलन में स्वयंसेवक घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों को देखकर पथ संलन देखने के लिए सड़क के दोनों तरफ लोग खड़े रहे। इस बीच स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा के साथ लोगों ने जगह—जगह स्वागत किया। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत सद्भाव प्रमुख कैलाश थपलियाल ने कहा कि भारत को हजार वर्षों के संघर्ष के बाद स्वाधीनता मिली है। इस स्वतंत्रता का उद्देश्य चिर—पुरातन राष्ट्र को पुनः वैभवशाली बनाना है।

पूरे भारतवर्ष को एक समाज के रूप में प्रतिष्ठित करना संघ की सोच है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समाज, राष्ट्र और जन समूह को अपना इतिहास ठीक प्रकार से समझना चाहिए। जो समाज या राष्ट्र अपने इतिहास की गलतियों से सीख नहीं लेता, उसका अस्तित्व समाप्त हो जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने इतिहास की गलतियां दोबारा न हों, इसके लिए संघ की स्थापना की थी। अध्यक्षता शीतल सिंघल ने की। यहां जिला प्रचारक जितेंद्र, नगर प्रचारक चंद्रशेखर, नगर कार्यवाह मुकेश श्रीवास्तव, सह नगर संघचालक सुरेश जोशी, जिला बौद्धिक प्रमुख संतोष मिश्रा, हुकुम चंद्र मोरिजावाला, कमल कुमार जिंदल, महेश मित्तल, राजकुमार, अनिल गर्ग, अनिल मित्तल, राजेंद्र मित्तल, नवीन गोयल, विनय गुप्ता, अजय क्वीरा, कुलदीप गंगवार आदि रहे।

# हरिचांद ठाकुर की जीवन यात्रा पर आधारित प्रस्तुति से सबका मन मोहा




शक्तिफार्म, गुरुग्राम के हरिचांद गुरुचांद धर्म मंदिर में आयोजित महावारुणी महोत्सव के अंतिम दिवस भक्तिमय नृत्य एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में रामपुर एवं पीलीभीत के भजन गायकों और प्राथमिक स्कूल भुजिया के बच्चों ने हरिचांद ठाकुर की जीवन यात्रा पर आधारित प्रस्तुति से सबका मन मोहा।

कार्यक्रम में हरिचांदेर पोशा मयना जात्रा नाटक का मंचन किया। प्राथमिक विद्यालय भुजिया के नन्हे—मुन्ने बच्चों ने नुक्कड़ नाटक, 'बोलो हरिचांदेर जय और 'नाचो रे मोन गाने पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। मंदिर कमेटी ने प्रधानाध्यापक तापस चंद्र मिस्त्री, संगीता महालदार, शर्मिला चिंतापात्र एवं अनिता राय सहित बच्चों को सम्मानित किया।

संगीतमय भजन संध्या में रामपुर की भजन गायिका पिंकी नारायण मंडल और पीलीभीत से आए जयकिशन महाराज ने हरिचांद ठाकुर जी की जीवन यात्रा पर आधारित बांग्ला व हिंदी भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। अंत में ऑल इंडिया मतुआ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुधांशु सिकदार द्वारा मतुआ धर्म पर विस्तृत व्याख्यान के उपरांत तीन दिवसीय वारूणी महामेला का समापन हुआ। यहां मंदिर कमेटी अध्यक्ष किरन बसु, जयंत मंडल, डॉ. सुशील मल्लिक, डॉ. विनय मंडल, गोकुल विश्वास, रविंद्र विश्वास, बिजन टिकेदार, संजीत खान, नीलकमल, मंटू बसु, पिपाशा, रीना सिकदर, श्रीनाथ बसु, कमल बसु आदि थे।

## उत्तराखण्ड 2025 तक बनेगा देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य

पिथौरागढ़। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार 2025 तक प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए पूरी ताकत से काम कर रही है। कृषि, रोजगार, पर्यटन, शिक्षा सहित हर सेक्टर व वर्ग के विकास के लिए सरकार काम कर रही है। भाजपा कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता जोशी ने पत्रकार वार्ता की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के देश के सर्वश्रेष्ठ राज्यों में से एक राज्य बनाने की अवधारणा पर काम किया जा रहा है। राजस्व को बढ़ाने व बजट घाटा कम करने के लिए बजट में रुपरेखा तैयार की गई है।

पहाडों में बागवानी, पर्यटन के माध्यम से महिलाओं,किसानों को आर्थिक रुप से मजबूत करने के लिए धनराशि की व्यवस्था की गई है।

# ब्लॉक में 15 एएनएम की तैनाती पर सौंपे नियुक्ति पत्र




सितारगंज] क्षेत्र में 15 एएनएम की तैनाती की गई है। जिन्हें भाजपा जिला अध्यक्षकमल जिंदल, कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉक्टर अभिलाषा पांडे ने नियुक्ति पत्र सौंपे।

बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में स्थाई रूप से नियुक्त की गई 15 एएनएम को पत्र दिए गए। इस दौरान सरकारी अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मयंक प्रताप सिंह की तैनाती होने पर कैबिनेट मंत्री का आभार जताया गया।

इस मौके पर डॉ रविंदर सिंह, मयंक नैनवाल, डॉक्टर मयंक प्रताप सिंह, डॉक्टर भूप किशोर मौजूद रहे।

# निगम प्रबंधन पर लगाया कर्मचारियों के शोषण का आरोप

अल्मोड़ा। उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ रानीखेत शाखा की आम बैठक में निगम प्रबंधन कर्मचारी विरोधी नीतियां अपनाकर कर्मचारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया । बैठक में मौजूद क्षेत्रीय अध्यक्ष राम कुमार प्रभाकर ने कहा कि निगम प्रबंधन अकर्मण्यता को छिपाने के लिए कर्मचारियों का शोषण कर रहा है। वक्ताओं ने परिवहन निगम को जल्द से नई बसों की आपूर्ति किए जाने, संविदा, आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने तथा परिवहन निगम कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों की भांति सभी सुविधाएं प्रदान प्रदान करने की मांग जोर जोर शोर से उठाई गई। पर्यवेक्षक जोशी की देखरेख में संघ शाखा के चुनाव भी संपन्न कराए गए गए। नई शाखा कार्यकारिणी के लिए जयराम अध्यक्ष, ललित बोरा उपाध्यक्ष, हेमवती नंदन जोशी मंत्री, उमेश अधिकरी, मनोज अधिकरी संयुक्त मंत्री, तुलसा सिंह कोषाध्यक्ष, नरेंद्र सिंह मेहरा संगठन मंत्री, उमेश चंद्र जोशी क्षेत्रीय सदस्य, धर्मेंद्र, धना मेहरा, दीवान सिंह परिहार सदस्य चुने गए। बैठक में क्षेत्रीय मंत्री ललित मोहन आदि मौजूद रहे।

## दो पेटी शराब के साथ एक को पकड़ा

पिथौरागढ़। पुलिस ने दो पेटी अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसआई सुरेश कंबोज के नेतृत्व में पुलिस ने नगर के महात्मा गांधी मार्ग में चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान लेलू व हाल कुमौड़ निवासी दीपक सिंह बिष्ट के पास से अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

## एनएसएस के शिविरार्थियों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय वन दिवस

पिथौरागढ़। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस के भट्टी गांव में आयोजित शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया । इस स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया । उन्होंने लोगों को वन संपदा के संरक्षण के लिए आगे आने को कहा। स्वयंसेवियों ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया व साफ—सफाई की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लीलाधर मिश्र ने स्वयंसेवियों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। डॉ. प्रतिभा नेगी ने स्वयंसेवियों को उत्साहित करते हुए राष्ट्र हित मे सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर में बिपिन पाठक , हेमंत मियान, पंकज सिंह, नेहा बोहरा, गौरव पाठक, दिया मेहरा,ममता खाती,तनूजा मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिली 8 एएनएम



किच्छा,सरदार बल्लभ भाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा में आज 8 नयी एएनएम कि नियुक्ति हुई.जिनको आज किच्छा विधायक तिलक राज बेहड के प्रतिनिधि गौरव बेहड ने व किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने सयुंक्त रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किये तथा सभी एएनएम को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए गौरव बेहड ने सभी नवनियुक्त एएनएम को बधाई देते हुए कहा कि एएनएम का कार्य होता है कि वह अस्पताल या स्वास्थ्य कार्यक्रम या परियोजना के अनुरुप मरीजों एवं महिलाओं को सुरक्षित एवं कारगर देखभाल करे साथ ही, राष्ट्रीय रूप से चलाये जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सहयोग करे सभी अपने कार्य को बड़ी लगन वा ईमानदारी से करेंगे वा क्षेत्रवासियों की दिल से सेवा करेंगी ऐसी उन्हें आशा और विश्वाश भी है साथ ही उन्होंने कहा के बड़े हर्ष का विषय है किच्छा चिकित्सालय में एएनएम स्टाफ कि नियुक्ति हुई है , किच्छा चिकित्सालय में काफी समय से स्टाफ बढ़ाने की मांग तथा जरूरत थी , सरकार का धन्यवाद करते हैं जो उन्होंने इस ओर ध्यान दिया और एएनएम स्टाफ प्रदान की इस नियुक्ति के बाद आम जनमानस को काफी राहत मिलेगी मरीजों की संख्या काफी अधिक मात्रा में है ।

आसपास सभी क्षेत्रवासी किच्छा चिकित्सालय में इलाज कराने आते हैं किंतु पूर्व में नर्सिंग स्टाफ की कमी होने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था ख़ासकर महिलायो को.उन्होंहे कहा कि किच्छा विधायक माननीय श्री तिलकराज बेहड जी का पूरा प्रयास है कि किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जल्द से जल्द उच्चीकरण कराया जाए और भी स्टाफ बढ़ाया जाए ताकि क्षेत्र वासियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके,उन्होंने पुनः नवनियुक्त के नाम तथा क्षेत्र वासियों को बधाई दी.

इस मौके पर किच्छा नगर पालिका अध्य्क्ष दर्शन कोली, डॉ आर के दुबे (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ अश्विनी चौबे( सर्जन ), मिस्टर आरपी सिंह ब्लॉक मैनेजर,ओम प्रकाश दुआ तथा समस्त स्टॉफ कर्मी उपस्थित रहे।

# पौड़ी में बहुउद्देशीय/चिकित्सा शिविर आज, प्रभारी मंत्री करेगें उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'एक साल नई मिसाल' कार्यक्रम के अंतर्गत ''जन सेवा'' थीम पर रामलीला मैदान पौड़ी में बहुउद्देशीय शिविर/चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री व जनपद पौड़ी गढ़वाल के प्रभारी मंत्री चन्दन राम दास मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे।

प्रभारी मंत्री चन्दन राम दास 11 बजे रामलीला मैदान में 'जन सेवा' पर बहुउद्देशीय शिविर व स्वास्थ्य शिविर में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर समाज कल्याण विभाग, कृषि, उद्यान, उरेड़ा, बाल विकास विभाग, शिक्षा, ग्राम्य विकास सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाये जाएंगे तथा लोगों को योजनाओं से लाभावित किया जायेगा। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष के चैक भी वितरित किये जाएंगे। इसके अलावा राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनपद के समस्त विकासखंड़ों में निर्धारित तिथि के अनुसार 24 से 30 मार्च तक बहुउद्देशीय शिविर व स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जन सेवा थीम पर 24 मार्च, 2023 को विकासखंड खिर्सू के श्रीनगर रामलीला मैदान, यमकेश्वर के गंगाभोगपुर मल्ला में बहुउद्देशीय व स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। वहीं 25 मार्च को विकासखंड पाबौ के खुण्डेश्वर मैदान, 26 मार्च को विकासखंड थलीसैंण के विकासखंड मुख्यालय में शिविर लगाया जायेगा। 27 मार्च को विकासखंड द्वारीखाल, कल्जीखाल, जयहरीखाल में विकासखंड मुख्यालयों में तथा विकासखंड पोखड़ा में आईटीआई कॉलेज पोखड़ा में बहुउद्देशीय व स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जायेगा। 28 मार्च को विकासखंड दुगड्डा, पौड़ी, रिखणीखाल के विकासखंड मुख्यालयों व कोटद्वार में राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में शिविर आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा 29 मार्च को विकासखंड बीरोंखाल व नैनीडांडा में शिविर विकासखंड मुख्यालयों व विकासखंड कोट में पंचायत भवन सबदरखाल में बहुउद्देशीय शिविर व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड एकेश्वर के विकासखंड मुख्यालय में बहुउद्देशीय शिविर व स्वास्थ्य शिविर 27 मार्च के स्थान पर अब 28 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

## विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम रहेगी तैनात

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के मार्गदर्शन में जनपद मुख्यालय पौड़ी के रामलीला मैदान में 23 मार्च को 'एक साल नई मिसाल' के अंतर्गत 'जन सेवा' थीम पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ओपीडी लगाकर तैनात रहेगी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में आंखों के सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे तथा लोगों की निःशुल्क चिकित्सा करेंगे। इस दौरान ओपीडी के साथ-साथ दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र भी बनाये जायेंगे। जिलाधिकारी ने सभी जनमानस से अपील की है कि सभी लोग निःशुल्क आयोजित हो रहे स्वास्थ्य विशेषज्ञों के कैम्प का लाभ उठाने के लिए स्वास्थ्य कैम्प में अधिक से अधिक प्रतिभाग करें।

## कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीरामलीला मैदान श्रीनगर में जल कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। शारदा घाट से वैदिक वाद्य यंत्रों के साथ रामलीला मैदान तक कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर श्रीनगर की छात्राएं व जयदयाल अग्रवाल संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों के साथ गंगा आरती समिति से जुड़ी महिलाएं व अन्य विभिन्न संगठनों से जुड़ी महिलाओं के साथ ही नगर के गणमान्य लोग भी शामिल हुए। कलश यात्रा के रामलीला मैदान में पहुंचने पर विधि विधान से पूजन के साथ कलश को स्थापित किया गया।

कथा का आयोजन 30 मार्च तक दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक कथा व्यास हरिशरण शास्त्री के मुखारबिंदु से होगा।

# खेल विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर कवायद शुरू, सीएम ने ली बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सचिवालय में बैठक लेते हुए।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में राज्य में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय के सबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि खेल विश्वविद्यालय के लिए अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ ही खेल एवं आवश्यक शैक्षणिक गतिविधियों के लिए इस क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों के सुझाव लिये जाएं। विशेषज्ञों के सुझाव के आधार पर खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के सबंध में अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी स्थित खेल मैदान का बेहतर तरीके से उपयोग हो सके, इसके लिए हल्द्वानी में भी खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए संभावनाएं तलाशी जाएं। इसके लिए आवश्यक अतिरिक्त भूमि की व्यवस्था पर भी उन्होंने ध्यान देने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं। राज्य में युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। 2024 में उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होना है। नई खेल नीति में खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किये गये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में खेल विश्वविद्यालय बनने से राज्य के युवाओं को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने के बेहतर अवसर मिलेंगे। बैठक में खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्या, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, दिलीप जावलकर, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, खेल निदेशक जितेन्द्र सोनकर उपस्थित थे।

# वन पंचायत सरपंचों ने उपेक्षा का लगाया आरोप

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड के वन पंचायत सरपंचों ने प्रदेश सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हमारी वन संपदाओं पर कोई और नहीं बल्कि शासन-प्रशासन व वन विभाग ही अतिक्रमण कर रहे हैं। मोर्चा के संयोजक गोपाल लोधियाल ने कहा कि उत्तराखंड में 64 फीसदी वन क्षेत्र था। लेकिन अब बढ़कर 72 फीसदी हो गया है जो हमारे अधिकारों पर कुठाराघात है।

बुधवार को वन पंचायत संघर्ष मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक श्रीनगर में संपन्न हुई। इस मौके पर मोर्चा के संयोजक व जिला अध्यक्ष बागेश्वर पूरण रावल ने कहा कि हमारी जैव विविधता के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है। जल विद्युत परियोजनाओं के नाम पर पहाड़ को सुरंगों से पाटा जा रहा है। इन योजनाओं के दुष्प्रभाव पहाड़ झेल रहे हैं। लोधियाल ने कहा कि पौड़ी जिले में 190 वर्ग किमी क्षेत्रफल में लोगों की नाम जमीन को डीम्ड फॉरेस्ट में परिवर्तित कर दिया गया है। योजना का लाभ कोई और ही उठा रहे हैं। संयोजक कैलाश खंडूड़ी ने कहा कि वन सरपंच सरकार से अपने अधिकारों को लेकर आर-पार की लड़ाई का मन बना चुके हैं।

## 4.13 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार



कोटद्वार कोतवाली में स्मैक के साथ पकड़ा गया युवक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोतवाली पुलिस ने 4.13 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक पूर्व में भी एनडीपीएस के मामले में जेल जा चुका है।

बाजार चौकी प्रभारी प्रद्युमन सिंह नेगी ने बताया कि बुधवार सुबह पुलिस की सूचना मिली कि झूलाबस्ती के समीप एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। बताया कि मौके पर पहुंचकर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके जेब से स्मैक बरामद हो गई। युवक की पहचान गाड़ीघाट निवासी विनोद थापा के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह क्षेत्र में मजदूरी का काम करता है। दो दिन पूर्व वह उत्तर प्रदेश के बरेली से स्मैक खरीदकर लाया था। आरोपी वर्ष 2022 में भी एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है।

## लोकगीतों के साथ निकाली जन जागरण रैली, महिलाओं ने ली शराबबंदी एवं नशा मुक्ति की शपथ

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : विकासखंड जखोली में हिंदू नववर्ष-2080 एवं चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के सुअवसर पर 40 महिला मंगल दलों द्वारा विकासखंड मुख्यालय में जय श्रीराम के नारों एवं लोकगीतों के साथ जन जागरण रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ स्थानीय विधायक भरत सिंह चौधरी द्वारा किया गया।

## सीएम ने किया प्रयास स्मारिका का विमोचन



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब की स्मारिका ''प्रयास'' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा समय-समय पर बैडमिंटन प्रतियोगिता के आयोजन के साथ क्लब की गतिविधियों पर आधारित स्मारिका का प्रकाशन किया जाना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि स्मारिका प्रयास बेहतर कल के लिये खेलों को बढ़ावा देने के लिये प्रेरणा का भी कार्य करेगी। सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा विभागीय कार्यों के साथ खेल को भी बढ़ावा देने का यह सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि खेल भावना अपने कार्यों के प्रति अनुशासन के लिए भी प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत के खिलाड़ी वैशिवच्क स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य की नई खेल नीति में खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देने के प्रयास किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के पास प्रकृति प्रदत्त सब कुछ है। उत्तराखण्ड का प्राकृतिक सौन्दर्य सबको आकर्षित करता है। अपने प्राकृतिक संसाधनों के सही उपयोग से हमें उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाना है। राज्य के समग्र विकास के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। इस अवसर पर सचिव श्री आर मीनाक्षी सुंदरम, महानिदेशक शिक्षा एवं सूचना बंशीधर तिवारी, सचिवालय बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष पन्ना लाल शुक्ल, स्मारिका के प्रधान सम्पादक भूपेंद्र बसेड़ा, संयुक्त सचिव जेपी मैखुरी के साथ ही अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## नव सम्वत्सर 2080 के आगमन पर आओ! नव सम्वत्सर आओ!

**प्रोफेसर नन्दकिशोर ढौडियाल 'अरुण' डीलिट्.**

आओ! नव सम्वत्सर आओ!
विश्वजनों के नव जीवन में फिर से हरसाओं
आओ! नव सम्वत्सर आओ!
आते हो तुम उस वंसत में
जो सुहास की ऋतु हैं
आते हो तुम उस वंसत में
जो सु-वास की ऋतु है
इस ऋतु के संग आकर भू पर
फिर से मुस्कराओं
आओ! नव सम्वत्सर आओ!
स्वागत करता हर जन-मन से
धन से और सु-तन से
क्योंकि तुम्हारा सद् सम्बन्ध है
हर जन के जीवन से
इसकी सुख समृद्धि हेतु तुम
सुर जन बन जाओं
आओ! नव सम्वत्सवर आओ!
अब के आकर रोगशोक से
हर जन मुक्त करो तुम
वायु और जल सबके खातिर
नित उपयुक्त करो तुम
मंगल वाद्यों के संग सुरवर
सद् स्तुति गाओ
आओ! नव सम्वत्सवर आओ!
वसुधैव कुटुम्ब हमारा
वसुधा सबकी माता
जिसके आँचल सर्वजगत हित
अन्न फूल फल आता
इसी धरा पर उतर समय सुर
रस अमृत बरसाओं
आओ! नव सम्वत्सर आओ!



## सम्पादकीय

# कोरोना का पुनः आगमन

भारत में एक बार फिर कोरोना के मामले नजर आने लगे हैं और विराम केंद्र सरकार ने करुणा के बढ़ते मामलों को देखते हुए अभी से कदम उठाने शुरू कर दिए हैं जिसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई और उसमें राज्यों को इस घातक बीमारी से निपटने के व्यापक प्रबंध करने के किए कहा। 2 वर्ष पूर्व कोरोना की पहली और दूसरी लहर ने देश के पूरे आर्थिक विकास का पहिया जाम कर दिया था और लाखों लोगों की जान इस बीमारी के कारण चली गई थी। बीमारी से निपटने के लिए सरकारी व्यवस्थाएं भी आलोचनाओं के निशाने पर रही, हालांकि तीसरी लहर में व्यापक टीकाकरण के कारण जान–माल की हानि का कम नुकसान हुआ और भारत तीसरी लहर से जूझने में कामयाब रहा। इधर एकाएक बीमारी पुनः पैर पसारने लगी है तो जाहिर है अभी भविष्य के लिए तैयारियां भी पुख्ता रखनी होंगी। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा अपडेट किए गए आंकड़ों में भारत में 1134 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए। मौजूदा वक्त में 7,026 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इस दौरान पांच लोगों की मौत भी हुई। छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र में एक–एक मौत चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है। इसके अलावा एक कोरोना संक्रमित की जान केरल में गई। देश में दैनिक सकारात्मकता 1.09 फीसदी दर्ज की गई, जबकि साप्ताहिक सकारात्मकता 0.98 प्रतिशत आंकी गई। बढ़ते मामलों को देख केंद्र ने पांच राज्यों को खास एहतियात रखने के लिए कहां है जिसमें महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक शामिल है। गत वर्षों में भी कोरोना के मामले फरवरी से जून तक सक्रिय होते देखे गए हैं और अब पुनः धीरे–धीरे पूर्व की भांति ही परिस्थितियां बनने लगी हैं। पिछले 10 वर्षों में हम लोगों ने भी कोराना को लगभग भुला दिया है और कोरोना से बचाव के तरीके सामान्य तौर पर अमल में नहीं लाए जा रहे हैं। राज्यों ने भी कोरोना गाइडलाइंस की तमाम बातों को दरकिनार कर रखा है जिसके तहत ना तो कार्यालयों में मास्क का प्रयोग किया जा रहा है और ना ही कहीं सैनिटाइजिंग इत्यादि जैसे बचाव के उपाय अपनाए जा रहे हैं। कोरोना संक्रमण की रफ्तार कभी भी भयानक रूप धारण कर सकती है लिहाजा इन स्थिति में सबसे सुरक्षित यही होगा कि अभी से बुनियादी स्तर पर इस घातक बीमारी से बचाव के साधनों का प्रयोग किया जाए। पुराने हालातों से हमें सबक लेना चाहिए और उन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए फूंक–फूंक कर कदम रखना चाहिए। विशेषतया राज्यों को अपने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बुनियादी स्तर पर अभी से मजबूत बनाने का काम शुरू कर देना चाहिए, ताकि आपात परिस्थितियों में मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने पाए।

# युवा संगम–एक भारत, श्रेष्ठ भारत की ठोस बुनियाद

**पर्यटन के जरिए विविधता का उत्सव मनाना और एकजुटता को बढ़ाना हमारी प्राचीन संस्कृति में गहराई से रचा–बसा है। हमारे साधुओं और संतों ने ज्ञान प्राप्त करने के लिए देश भर की यात्रा की और विभिन्न संस्कृतियों के बीच बंधन के एक सूत्र का निर्माण किया। इसी भावना के अनुरूप, पिछले साल माननीय प्रधानमंत्री ने वाराणसी में 'काशी तमिल संगममइ का उद्घाटन किया, जोकि भारत के दो सबसे प्राचीन शिक्षा केन्द्रों, वाराणसी और तमिलनाडु के बीच के पुराने संबंधों की फिर से खोज करने का एक कार्यक्रम है। तमिलनाडु के 2500 से अधिक प्रतिनिधियों ने काशी का दौरा किया और ज्ञान साझा करने की सदियों पुरानी परंपरा को फिर से जीवंत किया। इसी तरह, 'माधवपुर घेडइ भी ऐसा ही एक और त्योहार है जो भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। रानी रुक्मिणी के साथ भगवान कृष्ण के विवाह का उत्सव मनाने के लिए हर साल गुजरात के माधवपुर गांव में एक आकर्षक मेले का आयोजन किया जाता है। रानी रुक्मिणी उत्तर–पूर्व की एक राजकुमारी थीं।**

**जी. किशन रेड्डी**

हजारों भाषाओं की भूमि, सैकड़ों जनजातियों के निवास–स्थान, दुनिया के सभी प्रमुख धर्मों व मतों की शरणस्थली के रूप में और बर्फ से ढकी पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर उष्णकटिबंधीय मैदानों तथा हरे–भरे सदाबहार वनों से लेकर सूखे रेगिस्तान वाला भारत सिर्फ एक राष्ट्र भर नहीं है। विविध जीवन–शैलियों, संस्कृतियों एवं मान्यताओं से लैस यह देश आकर्षक चित्रों से सजे एक खूबसूरत कपड़े की तरह है। जिस प्रकार कपड़ों पर चित्रों की कढ़ाई में महीन सुइयां काम करती हैं, ठीक वैसे ही हमारी विविधता हमें मजबूत और एकजुट रखती है। अब जबकि हम एक प्रमुख वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर हैं, यह विविधता ही हमारी एक बड़ी संपदा होगी।

वर्ष 2015 में जब माननीय प्रधानमंत्री ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारतइ के मिशन की घोषणा की, तो उन्होंने न सिर्फ हरेक भारतवासी के बीच के आपसी बंधन को मजबूत किया बल्कि भारत के लिए 'विविधता से होने वाले लाभोंइ का मार्ग भी प्रशस्त किया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा परिकल्पित 'युवा संगमइ नाम की हाल की एक पहल हमारी युवाशक्ति का लाभ उठाने के उद्देश्य से विविधता के इसी पहलू का इस्तेमाल करती है। हमारी युवाशक्ति ही देश की एक अन्य महत्वपूर्ण संपदा मानी जाती है। भावी नागरिकों के लिए हमारी विविधता की इस शक्ति को पहचानना और महसूस करना जरूरी है ताकि वे इसके प्रचुर लाभों को भुना सकें। यात्राएं हमारे देश की भावी पीढ़ी के इस संगम को विविधता की शक्ति से समर्थ बनायेंगी।

युवा संगम उत्तर–पूर्वी राज्यों और शेष भारत के युवाओं के बीच रिश्तों को मजबूत करते हुए 'एक भारत श्रेष्ठ भारतइ का उत्सव मनाता है। माननीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में एक राष्ट्रव्यापी सांस्कृतिक आदान–प्रदान के कार्यक्रम के रूप में 'युवा संगमइ की शुरुआत की गई है। आदान–प्रदान का यह कार्यक्रम–'पर्यटन, परम्परा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और परस्पर संपर्कइ– के पांच स्तंभों पर आधारित है। अगले कुछ महीनों के दौरान 20,000 से अधिक छात्र देश भर की यात्रा करेंगे और विविध संस्कृतियों, नस्लों, खान–पान, भाषाओं, प्राकृतिक दृश्यों, स्थानीय इतिहास, तकनीकी प्रगति, शिल्प और कौशल से परिचित होंगे। इस समय जब मैं यह लेख लिख रहा हूं, आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी आदि जैसे प्रमुख संस्थानों के 1000 से अधिक युवा एवं छात्र देश के विभिन्न हिस्सों की यात्रा कर रहे हैं और भारत के असली ग्रामीण स्वरूप से अवगत हो रहे हैं।



विभिन्न पेशे, सामाजिक तथा आर्थिक पृष्ठभूमि से जुड़े युवाओं का एक विविधतापूर्ण समूह एक साथ मिलकर जीवन भर के लिए साझे अनुभवों एवं स्मृतियों का निर्माण करेगा। देश के विभिन्न हिस्सों से यात्रा करके आने वाले हमारे युवा उत्तर–पूर्वी राज्यों के सौंदर्य को महसूस करेंगे और निर्माण, रचना एवं नवाचार करने के लिए प्रेरित होंगे। इसी तरह, उत्तर–पूर्वी राज्यों के हमारे युवा भारत के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करेंगे और यात्रा के दौरान हासिल किए गए ज्ञान, अनुभव और यादगार स्मृतियों को संजोएंगे।

स्थानीय उद्योगों, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करने से लेकर स्थानीय छात्रों, उद्यमियों व सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत की दृष्टि से यह यात्रा न सिर्फ एक राज्य का दौरा करने तक ही सीमित नहीं है। यह यात्रा एक संपूर्ण गहन अनुभव के जरिए उस राज्य की सराहना करने और उसके साथ भावनात्मक रूप से जुडने का एक अनूठा अवसर साबित होगी। जब हम सिक्किम के युवाओं को ओडिशा के छोटे बच्चों के साथ सिक्किम की लोक धुन पर थिरकते देखते हैं या उत्तर–पूर्वी राज्यों के छात्रों को ओडिशा के एक गांव में हथकरघा की स्थानीय कला सीखते हुए पाते हैं या फिर जब अरुणाचल प्रदेश के छात्र आंध्र प्रदेश की विभिन्न पाक परंपराओं की जानकारी हासिल करने के लिए उस राज्य में स्थित भारतीय पाक संस्थान का दौरा करते हैं या जब आईआईटी गुवाहाटी और आईआईटी गांधीनगर के छात्र एक–दूसरे को गरबा एवं बिहू सिखाते हैं, तो हमें यह मालूम होता है कि इस देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में है और हम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

ये यात्राएं छात्रों को विभिन्न इलाकों के उन महान नेताओं के बारे में जानने का अवसर भी दे रही हैं, जिन्होंने भारत और इसकी सामूहिक चेतना को आकार दिया है और जिनके योगदानों की वजह से आज हम एक स्वाधीन और स्वतंत्र राष्ट्र हैं। हर भारतीय के लिए भारत की राजनीतिक एवं सांस्कृतिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ विद्रोह करने वाली रानी गाइडिन्ल्यू के बलिदान, महान अहोम साम्राज्य के लचित बरफुकन की वीरता और साहस या अंग्रेजों के खिलाफ नेताजी की लड़ाई में मणिपुर के मोइरनाग की अहम भूमिका के बारे में जानना जरूरी है। जब छात्र महापुरुषों और महान महिलाओं के स्मारकों एवं संग्रहालयों का दौरा करेंगे, तो यह वास्तव में युवाओं के भीतर राष्ट्रीय चेतना का निर्माण करने में मदद करेगा।

पर्यटन के जरिए विविधता का उत्सव मनाना और एकजुटता को बढ़ाना हमारी प्राचीन संस्कृति में गहराई से रचा–बसा है। हमारे साधुओं और संतों ने ज्ञान प्राप्त करने के लिए देश भर की यात्रा की और विभिन्न संस्कृतियों के बीच बंधन के एक सूत्र का निर्माण किया। इसी भावना के अनुरूप, पिछले साल माननीय प्रधानमंत्री ने वाराणसी में 'काशी तमिल संगममइ का उद्घाटन किया, जोकि भारत के दो सबसे प्राचीन शिक्षा केन्द्रों, वाराणसी और तमिलनाडु के बीच के पुराने संबंधों की फिर से खोज करने का एक कार्यक्रम है। तमिलनाडु के 2500 से अधिक प्रतिनिधियों ने काशी का दौरा किया और ज्ञान साझा करने की सदियों पुरानी परंपरा को फिर से जीवंत किया। इसी तरह, 'माधवपुर घेडइ भी ऐसा ही एक और त्योहार है जो भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। रानी रुक्मिणी के साथ भगवान कृष्ण के विवाह का उत्सव मनाने के लिए हर साल गुजरात के माधवपुर गांव में एक आकर्षक मेले का आयोजन किया जाता है। रानी रुक्मिणी उत्तर–पूर्व की एक राजकुमारी थीं। गुजरात–उत्तर–पूर्वी क्षेत्र एक– दूसरे से 3000 किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर स्थित हैं, लेकिन फिर भी आपस में एक ऐसे घनिष्ठ प्राचीन रिश्ते की डोर से बंधे हैं जिसे हम आज तक संजोए हुए हैं।

युवा संगम का यह कार्यक्रम संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण से संबंधित माननीय प्रधानमंत्री की परिकल्पना को अनूठे तरीके से दर्शाता है। शिक्षा मंत्रालय के नेतृत्व में उत्तर–पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, रेल मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, 50 से अधिक विभिन्न विश्वविद्यालय और विभिन्न राज्य सरकारें भावी नागरिकों के अनुभवों को सहज बनाने के उद्देश्य से एक मंच पर आए हैं। यह वास्तव में उल्लास का विषय है कि युवा संगम की टीमें जिस राज्य का दौरा करती हैं वहां शानदार तरीके से उनका स्वागत किया जाता और उन्हें विदाई दी जाती है। छात्र केन्द्रीय मंत्रियों, राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों एवं अन्य गणमान्य हस्तियों के साथ बातचीत करने के अलावा अन्य साथी छात्रों के घर जाकर उनके एवं उनके परिवारों के साथ अटूट संबंध बनाते हैं।

दूसरों के प्रति सम्मान, नए विचारों को स्वीकारने व उनका समावेश करने की इच्छा, मतभेदों को भुलाकर घुलमिल जाने की क्षमता, एक साझे लक्ष्य के लिए मिलकर काम करने की भावना और विविध मान्यताओं से सीखने की प्रवृत्ति, ये कुछ ऐसे मूल्य हैं जिनके कारण भारत सदियों से फलता–फूलता रहा है। 'एक भारत श्रेष्ठ भारतइ इस प्रकार के दर्शन की तार्किक परिणति है जिसे भारत ने सदियों से पोषित किया है और जिन्हें देश के विभिन्न हिस्सों की महान विभूतियों द्वारा बढ़ावा दिया गया है। चाहे वह स्वामी विवेकानंद द्वारा दिया गया 'एकता पर ही सब कुछ टिका है' का स्पष्ट आह्वान हो या फिर भारतवर्ष के बारे में धार्मिक महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की व्याख्या हो या सरदार वल्लभ भाई पटेल की 'एक मजबूत इकाई के रूप में आधुनिक भारत एक साथ खड़ा है और एकजुट हैइ की स्वर्णिम विरासत।

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का यह प्रयास है कि हमारे युवाओं में इन मूल्यों को समावेश हो और हमारे भावी नागरिक जातिगत एवं सांस्कृतिक मतभेदों से परे हों और उनका संपूर्ण भारत के साथ एक वैचारिक एवं सांस्कृतिक जुड़ाव हो। उन्होंने भारत को राष्ट्रीय प्रगति के एक साझे सूत्र में भी पिरोया है और आज हर भारतीय सामूहिक रूप से 'मेक इन इंडियाइ, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओइ, 'स्वच्छ भारत अभियानइ, डिजिटल इंडिया या आत्मनिर्भर भारत के मिशन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कार्य कर रहा है। 'एक भारत श्रेष्ठ भारतइ, हरेक भारतीय में एकता की भावना का समावेश करने के व्यापक उद्देश्य को समाहित करता है।

**(लेखक भारत सरकार में उत्तर–पूर्व क्षेत्र विकास, संस्कृति और पर्यटन मंत्री हैं)**

# बालों में तेल लगाने से ना कतराएं, फायदे जान रह जाएंगे हैरान

खूबसूरत दिखने के लिए स्किन के साथ बालों की भी केयर बेहद जरूरी होती है। महिला हो या पुरुष सभी को अपने बालों से बहुत प्यार होता हैं और वे चाहते हैं कि बालो को घना और मुलायम बनाया जाए। लेकिन आजकल प्रदूषण और पोषण की कमी के चलते यह चाहत आसानी से पूरी नहीं हो पाती हैं। वहीँ देखने को मिलता हैं कि लोग बालों में तेल लगाने से भी कतराते हैं क्योंकि उन्हें लगता हैं कि इससे उनके बाल ज्यादा टूटेंगे। जबकि बालों में तेल न लगाने की वजह से कई गंभीर समस्याएं शुरू हो जाती हैं। हांलाकि अगर आप बालों में बहुत ज्यादा तेल लगाते हैं या गलत तरीके से बालों में तेल लगाते हैं तो इसके भी नुकसान होते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि आप बालों में तेल बिलकुल भी नहीं लगायें। हम आपको बताने जा रहे हैं कि बालों में तेल लगाने से क्या फायदे मिलते हैं।

**स्कैल्प का ब्लड सर्कुलेशन होता है तेज**

बालों में गर्म तेल लगाने के फायदे कई हैं। दरअसल, जब आप बालो में गर्म तेल लगाते हैं तो इसकी गर्मी बालों के रोम में ब्लड सर्कुलेशन को प्रोत्साहित करती है और क्यूटिकल स्केल को खोलती है। इसके अलावा, यह ब्लड वेसेल्स को फैलाती है और जिससे तनाव का स्तर कम होता है। एक बार जब क्यूटिकल स्केल खुल जाता है, तो यह जड़ों को पोषण देने के लिए तेल से पोषक तत्वों के लिए रास्ता बनाता है और इससे बालों के विकास को बढ़ावा मिलता है।

**डैंड्रफ को रोकने में मददगार**

स्कैल्प के रूखे होने के कारण अक्सर डैंड्रफ की समस्या हो जाती है। यह बालों की जड़ों में खुजली होने का कारण भी बन सकती है, जिससे बालों के झड़ने की समस्या हो सकती है। डैंड्रफ बालों गंदगी को आकर्षित करता है जिसके कारण बालों में जुएं होने की आशंका भी बढ़ जाती है। इससे बालों की ग्रोथ भी रुक जाती है। इसे रोकने के लिए, आपको अपने बालों में नियमित रूप से तेल लगाना चाहिए। यह आपकी स्कैल्प को रुखेपन से बचाएगा, जिससे बालों के टूटने को भी रोका जा सकता है।

**प्रदूषण से बचाएं**

बालों में तेल लगाकर रखने से आपके सिर में धूल मिट्टी नहीं लगती है, बल्कि तेल वाले बालों से ही चिपक जाती है, और जब आप अपने बालों को धोते हैं, तो इसे आसानी से निकलने में मदद मिलती है, और साथ ही सूर्य की पराबैंगनी किरणों से जो आपके बालों पर दुष्प्रभाव पड़ते है, उससे भी आपके बालों को बचाने में मदद मिलती है।

**बाल घुंघराले नहीं होते**

बालों में तेल का इस्तेमाल घुंघराले बालों को नियंत्रण में करने का बेहद अच्छा तरीका है। जिस दिन आपको लगे कि आपके बाल नियंत्रण से बाहर हो रहे हैं और घुंघराले लग रहे हैं। तो अपनी हथेलियों में कुछ मात्रा में तेल लेकर बालों में लगा लें। इस तरह घुंघराले बालों को आसानी से सही करने में मदद मिलेगी और बाल पोषित भी होंगे।

**मिलता है हैप्पी हामीन्स को बढ़ावा**

तेल गर्म करके लगाने से सिर्फ बालों को फायदा नहीं मिलता बल्कि, ये हैप्पी हामीन को बढ़ावा देने में भी मददगार है। यह तंत्रिका तंत्र को उत्तेजित करता है और इसे आराम पहुंचाता है। इससे हैप्पी हामीन को बढ़ावा मिलता है जिससे आपकी मानसिक सेहत भी बेहतर होती है।

**बालों के झड़ने से बचाव**

बालों का झड़ना अनहेल्दी बालों और स्कैल्प का सीधा रिजल्ट है। तेल मालिश स्कैल्प और बालों के हेल्थ में काफी सुधार कर सकती है, जिससे बालों का झड़ना कम हो जाता है। इसके अलावा स्प्लिट एंड्स भी बालों की ग्रोथ रोकने के मुख्य कारण में से एक हैं और इनका इलाज गर्म तेल की मालिश से भी किया जा सकता है।

**स्कैल्प टिशूज को करे रिपेयर**

बालों को तेल की मालिश करने का एक फायदा ये भी है कि यह स्किन में आसानी से एब्सोर्ब कर जाता है। एक शैम्पू–कंडीशनर, चाहे कितना भी अच्छा हो, तेल की तुलना में, स्कैल्प की गहराई तक नहीं जाते हैं।

# सामयिक : ब्रिटेन का शरणार्थी संकट

**डॉ. ब्रह्मदीप अलूने**

ब्रिटेन का समाज मुक्त व्यापार के फायदों और अपने देश की आर्थिक प्रगति से ज्यादा अप्रवासन की उन चुनौतियों से आशंकित है, जो पूर्वी यूरोप और गृह युद्ध से जूझ रहे अरब और अफ्रीकी देशों से आ रही हैं।

यहां के निवासियों को लगता था कि यूरोपीय यूनियन में ज्यादा समय तक बने रहने से न केवल उनका सांस्कृतिक और सामाजिक परिदृश्य बदल जाएगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों के सामने रोजगार और सुरक्षा का संकट भी गहरा सकता है। मुक्त आवाजाही को सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान का माध्यम बनाने की यूरोपीय संघ की कोशिशों को ब्रिटेन ने ब्रेक्सिट के जरिए झटका दिया था, जो यूरोप के एकीकरण के सपनों के ध्वस्त होने जैसा था। पिछले 10 सालों में ब्रिटेन की राजनीति बहुत बदली है, जो वैश्विक मानवाधिकारों की रक्षा की नसीहतों को नजरअंदाज करने पर आमादा नजर आती है।

दरअसल, करीब 12 साल पहले ब्रिटेन की जनसंख्या के आंकड़े सामने आए तो परंपरावादी समाज में कड़ी प्रतिक्रिया देखी गई। इसके अनुसार ब्रिटेन की जनसंख्या छह करोड़ बत्तीस लाख बताई गई जिसमें ब्रिटेन के स्थानीय निवासियों का अनुपात 2001 की जनगणना के 87 फीसदी के मुकाबले घटकर 80 फीसदी रह गया। आंकड़ों के अनुसार इंग्लैंड और वेल्स में हर आठवां व्यक्ति विदेश में जन्मा है। ब्रिटेन के जनसंख्या अनुपात में पिछले 10 सालों में आए बदलाव के लिए मुख्य कारण अप्रवासियों का ब्रिटेन आना बताया गया। दिलचस्प है कि अवैध अप्रवासन का मार्ग ब्रिटेन में उस इंग्लिश चैनल को समझा जाता है, जो एक समय ब्रिटेन की सबसे बड़ी ताकत हुआ करता था।

करीब 100 साल पहले ब्रिटिश नौसेना की समुद्री शक्ति का कोई मुकाबला नहीं था। ब्रिटिश साम्राज्य का निर्माण इसीलिए संभव हुआ कि रॉयल नौसेना ने यूरोप के आसपास विशेष रूप से चैनल और उत्तरी सागर के समुद्र पर निर्विवाद रूप से नियंत्रण हासिल किया था। इंग्लिश चैनल ब्रिटेन–यूरोप और उत्तर सागर–अटलांटिक, दोनों रास्तों में यातायात के साथ दुनिया के व्यस्तम समुद्री मागरे में से है। इस मार्ग से प्रति दिन 400 से अधिक जहाजों का



आवागमन होता है।

ब्रिटेन सरकार के अनुसार, 2022 में 45 हजार लोगों ने छोटी नावों पर सवार होकर इंग्लिश चैनल को पार किया है। यह संख्या 2021 की तुलना में 60 फीसदी से अधिक है। यूएन शरणार्थी संगठन का कहना है कि लोग शरण पाने के इरादे से जान जोखिम में डालते हुए छोटी नावों पर सवार होकर इंग्लिश चैनल समेत अन्य मागरे से होकर ब्रिटेन में अनियमित ढंग से प्रवेश करते हैं।

इंग्लिश चैनल से अप्रवासन के मुद्दे पर ब्रिटेन का फ्रांस के साथ विवाद भी गहराया। इंग्लिश चैनल अटलांटिक महासागर की एक शाखा है, जो ग्रेट ब्रिटेन को उत्तरी फ्रांस से अलग करती है, और उत्तरी सागर को अटलांटिक से जोड़ती है। तकरीबन 560 किमी. लंबी और 240 किमी. चौड़ी है। फ्रांस पश्चिम यूरोप स्थित देश है किंतु इसका कुछ भूभाग संसार के अन्य भागों में भी है। यह यूरोपीय संघ का सदस्य है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यूरोप महाद्वीप का सबसे बड़ा देश है, जो उत्तर में बेल्जियम, लक्जमबर्ग, पूर्व में जर्मनी, स्विट्जरलैंड, इटली, दक्षिण–पश्चिम में स्पेन, पश्चिम में अटलांटिक महासागर, दक्षिण में भूमध्यसागर तथा उत्तर पश्चिम में इंग्लिश चैनल से घिरा है यानी यह तीन ओर सागरों से घिरा है।

अवैध प्रवासन फ्रांस में बड़ा राजनीतिक मुद्दा रहा है। फ्रांस का जुड़ाव कई देशों और समुद्रों से होने से लोग फ्रांस के तट का इस्तेमाल करना ज्यादा मुफीद समझते हैं। फ्रांस से ब्रिटेन आने वाले शरणार्थियों को लेकर ब्रिटेन ने 2021 में फ्रांस के समुद्र तटों पर हवाई निगरानी की पेशकश की थी जिसे फ्रांस से अस्वीकार्य बताया था। तत्कालीन बिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने उत्तरी फ्रांस के समुद्र तटों पर ब्रिटिश सीमा अधिकारियों द्वारा गश्त शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा था। एक–दूसरे के जल क्षेत्र में संयुक्त समुद्री गश्त और मानवयुक्त उड़ानों और ड्रोन से हवाई निगरानी की भी सिफारिश की थी।

बाद में अवैध प्रवासियों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए दोनों देशों के बीच एक समझौता हो गया। इसके तहत फ्रांस समुद्री इलाकों में गश्त बढ़ाएगा ताकि अवैध प्रवासियों को रोका जा सके जो ब्रिटेन में प्रवेश करने के लिए खतरनाक छोटी नावों से इंग्लिश चैनल पार करते हैं। फ्रांस को इसकी एवज में ब्रिटेन से सात करोड़ यूरो की मदद भी मिलेगी। अब ब्रिटेन में अवैध प्रवेश करने वालों की खैर नहीं। ऐसे लोगों को रवांडा जाने के लिए मजबूर किया जा सकता है।

ब्रिटेन के इस नये सख्त कानून की वैश्विक स्तर पर आलोचना हो रही है। ब्रिटेन 1951 की उस शरणार्थी संधि के मूल हस्ताक्षरकर्ताओं में है, जिसमें माना गया है कि शरणार्थियों को शरण पाने के लिए किसी देश में अनियमित रूप से प्रवेश करना पड़ सकता है। यूएन का कहना है कि ब्रिटेन में शरण चाहने वाले लोग शरणार्थी संरक्षण पाने के अधिकार से वंचित हो जाएंगे। शरण पाने के इच्छुक लोगों की व्यक्तिगत परिस्थितियों की जांच किए बिना ही उन्हें हिरासत में रखा या देश–निकाला भी दिया जा सकता है। तथ्यों की विवेचना की जाए तो अप्रवासन की समस्या यूरोप के लिए संकट का कारण बनती जा रही है।

यूरोपीय यूनियन के देश आर्थिक समझौते के साथ सांस्कृतिक एकता भी चाहते रहे हैं, लेकिन तुर्की के प्रभाव से मुस्लिम अप्रवासन बढने को बड़ा संकट माना गया। अरब से अफ्रीका के गृह युद्ध से पनपे संकट में शरणार्थियों के लिए जर्मनी ने भी उदारता से अपने द्वार खोले। जर्मनी भी यूरोपीय यूनियन का बड़ा और प्रभावी देश है। इसका प्रभाव अन्य देशों पर भी पड़ा। ब्रिटिश समाज को अप्रवासन अपने देश के लिए सांस्कृतिक संकट लगा। मुक्त आवाजाही से यूरोप के अन्य देशों के नागरिक ब्रिटेन में रोजगार तलाशने आने लगे और स्थानीय लोगों में प्रवासियों के प्रति असंतोष पैदा हुआ। मुक्त व्यापार व आवाजाही को यहां का समाज अपनी स्वतंत्रता के विरुद्ध मानने लगा था।

बहरहाल, ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन से अलग होकर भी जब अवैध अप्रवासन से मुक्ति नहीं पा सका तो अब उसने कड़े नियमों का दांव खेला है। ब्रिटेन का यह कदम यूरोप के दूसरे देशों को भी कड़े कानून बनाने को प्रेरित करेगा। ऐसे में दुनिया में नये संघर्ष की आशंका बढ़ सकती है। विकसित देशों के पिछड़े और विकासशील देशों की समस्याओं के प्रति कड़ा रुख से हिंसा का भयावह दौर शुरू हो सकता है, और यह विश्व शांति के लिए चुनौती बन सकता है।

# कहीं आप पर भारी ना पड़ जाए ओवरस्लीपिंग की आदत

सोना हमारी दैनिक दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन 7 से 8 घंटे सोना हर किसी के लिए जरूरी है। सुबह जब आप भरपूर नींद लेकर जागते हैं, तो आप एनर्जी से भरपूर रहते हैं। लेकिन, कुछ लोग होते हैं जो ओवरस्लीपिंग करते हैं और लिमिट से कई घंटे अधिक सो जाते हैं। देर तक सोना आपके लिए तब तक ही अच्छा है जब तक आपको इसकी आदत ना हो। अगर आप ओवरस्लीपिंग की आदत बना लेते हैं, तो यह आपकी सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक स्थिति पैदा करता हैं। आवश्यकता से अधिक सोना सेहत को हानि पहुंचाने का काम करता हैं। आज इस कड़ी में हम आपको इसी से जुड़ी जानकारी देने जा रहे हैं। आइये जानते हैं इसके बारे में...

नींद और मोटापे के बीच सीधा संबंध है। शरीर की जरूरत से बहुत कम या बहुत अधिक नींद लेने से व्यक्ति को मोटापा हो सकता है। दरअसल, जब आप बहुत अधिक सोते हैं तो इसका अर्थ है कि आपका शरीर लंबे समय के लिए शारीरिक रूप से निष्क्रिय हैं। कम शारीरिक गतिविधि के कारण आपका शरीर कम कैलोरी बर्न करता है, जिससे वजन बढ़ सकता है। 2010 में सोशल साइंस एंड मेडिसिन में प्रकाशित के एक अध्ययन में यह पाया गया कि एक दिन में 8 घंटे से अधिक नींद लेने से व्यक्ति को मोटापे, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग के जोखिम का सामना करना पड़ सकता है।

एक स्टडी में खुलासा हुआ है कि ज्यादा नींद लेने से दिल की समस्याएं हो सकती हैं। ज्यादा सोना आपके दिल को नुकसान पहुंचा सकता है।

## पंजाब की खबरों पर ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त ने कहा, फैलाया जा रहा सनसनीखेज झूठ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने बुधवार को कहा कि 'सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे सनसनीखेज झूठ में कोई सच्चाई नहीं है।इ बता दें कि 'वारिस पंजाब देइ पर पुलिस की कार्रवाई और इसके प्रमुख अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार करने के प्रयासों के बारे में भारतीय उच्चायुक्त बात कर रहे थे।

एक वीडियो संबोधन में, दोरईस्वामी ने कहा, भारत में यात्रा के लिए स्थिति सामान्य है और भारत की यात्रा करने वाले यूके सहित सभी देशों के लोग सुरक्षित हैं। मैं यहां यूके में अपने सभी दोस्तों, विशेष रूप से पंजाब में रिश्तेदारों वाले भाइयों और बहनों को आश्वस्त करता हूं कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे सनसनीखेज झूठ में कोई सच्चाई नहीं है। यह वीडियो लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा जारी किया गया। दोरईस्वामी ने वीडियो में कहा, आपके मातृभूमि की स्थिति वैसी नहीं है, जैसी बताई जा रही है। राज्य के निर्वाचित मुख्यमंत्री और स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने टेलीविजन पर साक्षात्कार सहित विस्तृत जानकारी दी है, कृपया इन्हें देखें, विश्वास नहीं होता कि मुी भर लोग दुष्प्रचार करते हैं।

फरवरी में अमृतसर के बाहरी इलाके में अजनाला पुलिस थाने में कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह और उसके समर्थकों की पुलिस के साथ झड़प हुई थी। वे अपने साथी लवप्रीत तूफान की रिहाई की मांग कर रहे थे। इस झड़प के लगभग एक महीने बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

## नवरात्रि में पर्यटकों की भारी भीड़ के लिए तैयार अयोध्या

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या बुधवार से शुरू हो रहे नौ दिवसीय भव्य नवरात्रि समारोह के दौरान पर्यटकों की भारी भीड़ के लिए तैयार है। अयोध्या प्रशासन को इस साल खासकर रामनवमी पर भारी संख्या में पर्यतकों के आने की उम्मीद है।

श्री राम जन्मभूमि तीरथ क्षेत्र ट्रस्ट ने भी उत्सव के अवसर के लिए सुरक्षा व्यवस्था की है।


ट्रस्ट राम जन्मभूमि के अलावा राम की पैड़ी भजन संध्या स्थल और राम कथा पार्क में विशेष आयोजन करेगा। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, राम नवमी, जो भगवान राम के जन्म का प्रतीक है, 30 मार्च को दोपहर 12 बजे राम जन्मभूमि पर मनाई जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि सरयू नदी के तट पर सभी घाटों और मंदिर नगरी के सभी मंदिरों को श्रद्धालुओं के लिए सजाया गया है। ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने कहा, सुरक्षा कारणों से रामनवमी पर सीमित संख्या में ही श्रद्धालुओं को राम जन्मभूमि परिसर में प्रवेश की अनुमति है। इसलिए अन्य जगहों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि श्रद्धालु इसमें शामिल हो सकें।

## क्रिकेट खेलकर लौट रहे नेता की कार पर रॉकेट से हमला, 10 लोगों की गई जान

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पड़ोसी देश पाकिस्तान में सियासी उथल–पुथल के साथ–साथ आंतरिक हालात भी ठीक नहीं हैं। एबटाबाद में मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई के एक स्थानीय नेता, आतिफ मुंसिफ खान की एक प्रतिद्वंद्वी समूह द्वारा लक्षित हमले में हत्या कर दी गई है। इस हमले में कुल 10 लोगों की जान चली गई है।

एबटाबाद के डीपीओ उमर तुफैल ने बताया है कि हवेलियां तहसील के मेयर आतिफ एक कार में यात्रा कर रहे थे, तभी घात लगाए दहशतगर्दों ने उनकी कार के ईंधन टैंक में गोली मारी, जिससे आग लगते ही कार ब्लास्ट हो गया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया पद्म पुरस्कारों का वितरण, छह लोग पद्म विभूषण से सम्मानित



**नई दिल्ली, एजेंसीः** बुधवार को राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कारों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी गणमान्य लोगों को पद्म पुरस्कारों से नवाजा। हर साल की तरह इस साल भी गणतंत्र दिवस 2023 के मौके पर पुरस्कारों की घोषणा हो चुकी है, लेकिन पुरस्कार समारोह का आयोजन बुधवार को राष्ट्रपति भवन में किया जा रहा है।

राष्ट्रपति ने तीन श्रेणियों – पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में सम्मान प्रदान किया। यह पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामलों, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य–शिक्षा, खेल और सिविल सेवा जैसे विभिन्न विषयों और गतिविधियों के क्षेत्रों में पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

इस वर्ष, राष्ट्रपति ने 106 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की मंजूरी दी, जिसमें तीन युगल मामले शामिल हैं। सूची में छह पद्म विभूषण, नौ पद्म भूषण और 91 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं शामिल हैं। सूची में विदेशियों/एनआरआई/पीआईओ /ओसीआई की श्रेणी के 2 व्यक्ति और सात मरणोपरांत पुरस्कार पाने वाले भी शामिल हैं।

असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया जाता है। छह पद्म विभूषण पुरस्कारों में से तीन मरणोपरांत थे। जिसमें बालकृष्ण दोशी (वास्तुकला), मुलायम सिंह यादव (सार्वजनिक मामले) और दिलीप महालनाबिस (चिकित्सा) शामिल हैं। वहीं अन्य पद्म विभूषण प्राप्तकर्ता जाकिर हुसैन (कला), एसएम कृष्णा (सार्वजनिक मामले) और श्रीनिवास वर्धन (विज्ञान और इंजीनियरिंग) थे।

## चैत्र नवरात्रि के आगमन पर हिमाचल के मंदिरों में उमड़ी भीड़

**शिमला (एजेंसी)।** नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि की शुरूआत के मौके पर बुधवार को हिमाचल प्रदेश के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बृजेश्वरी देवी के एक अधिकारी ने बताया कि उत्सव के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।उन्होंने कहा कि वे हर दिन 20,000–25,000 लोगों के आने की उम्मीद कर रहे हैं। उत्सव के अंतिम दो दिनों में, मंदिर देर रात तक भक्तों के लिए खुला रहेगा।मां दुर्गा के नौ अवतारों की पूजा को समर्पित इस उत्सव का समापन 30 मार्च को रामनवमी के साथ होगा।उत्तर भारत में सबसे सम्मानित मंदिरों में से एक, कांगड़ा शहर में ब्रजेश्वरी देवी मंदिर भी पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के अधिकांश तीर्थयात्रियों को देखता है।ऊना जिले में चिंतपूर्णी मंदिर, हमीरपुर जिले में बाबा बालक नाथ मंदिर, बिलासपुर जिले में पहाड़ी की चोटी नैना देवी मंदिर, कांगड़ा जिले में ज्वालाजी और चामुंडा देवी मंदिर, और शिमला जिले में भीमाकाली और हतेश्वरी मंदिर भी हजारों भक्तों को आकर्षित कर रहे हैं।

# केरल में कोविड संक्रमण का आंकड़ा 1 हजार पार

### राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में जारी किया अलर्ट



**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** देश में एक बार फिर कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं। देश में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 7,026 हो गई। इसी बीच केरल में भी कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी हुई है, जिसकी वजह से केरल सरकार ने बुधवार को राज्य के सभी जिलों में अलर्ट घोषित कर दिया है।

स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने जानकारी दी कि राज्य में मंगलवार को कोरोना के 172 नए मामलों सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम और एर्नाकुलम जिलों में वायरस के अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

मंत्री ने आगे कहा, 'कोविड–19 के कुल 1,026 सक्रिय मामले हैं और 111 लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सभी जिलों को अलर्ट कर दिया गया है।' उन्होंने कहा कि जिलों को निगरानी मजबूत करने का निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से आग्रह किया कि वे मास्क पहनकर और अन्य सावधानियां बरतकर खुद को कोरोना संक्रमित होने से बचाएं।

जॉर्ज ने कहा, 'बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।' सार्वजनिक स्थानों पर जाते समय उन्हें ठीक से मास्क पहनना चाहिए। अस्पतालों में आने वाले सभी लोगों को मास्क पहनना चाहिए।'स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक में राज्य में कोविड स्थिति का भी आकलन किया गया। बैठक के बाद जॉर्ज ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग हर दिन कोविड के मामलों की समीक्षा कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने आगे कहा कि हालांकि राज्य में कोई कोविड19 क्लस्टर नहीं बना है, जिलों और अस्पतालों को बढ़ते मामलों से निपटने के लिए योजना बनाने का निर्देश दिया गया है।

## काशी में रोप–वे करेगा सफर आसान, प्रधानमंत्री रखेंगे आधारशिला

**वाराणसी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में देश की पहली पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे परियोजना की आधारशिला 24 मार्च को रखेंगे। इसके साथ ही कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया के बीच रोपवे का काम शुरू हो जाएगा। यह परियोजना 644.49 करोड़ रुपए की है। रोपवे कैंट रेलवे स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) से गोदौलिया चौराहे तक चलेगा। इस योजना से काशी विश्वनाथ मंदिर, दशाश्वमेध घाट जाना आसान हो जाएगा। वाराणसी में नेशनल हाईवे, रिंग रोड, फ्लाईओवर, आरओबी के बाद अब भीड़–भाड़ वाले इलाके में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोप वे चलने से वाराणसी में आने वाले देशी –विदेशी पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को भी काफी राहत मिलेगी।

इस रोपवे के बनने के बाद काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, उनके पास ऑटो, टेम्पो और रिक्शा के अलावा एक और विकल्प मौजूद रहेगा। श्रद्धालु स्टेशन से उतरकर सीधा मंदिर के करीब तक जा सकेंगे।

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने बताया कि देश का पहला पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप–वे पहले चरण में वाराणसी कैंट से गोदौलिया के बीच चलाया जाएगा। काशी के पुराने इलाकों की सड़के सकरी होने और ट्रैफिक का दबाव निरंतर बढने से अक्सर यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे देशी विदेशी पर्यटकों के अलावा स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि बोलीविया के लापाज और मेक्सिको के बाद भारत विश्व में तीसरा देश और वाराणसी पहला शहर होगा, जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोप–वे का इस्तेमाल किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को नवरात्रि के अवसर पर दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों को नव संवत्सर, नवरात्रि, चेती चांद, गुड़ी पड़वा, नवरेह, उगादि और साजिबू चेरोबा त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में खुशहाली की कामना की है। प्रधानमंत्री ने नव संवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए ट्वीट कर कहा, देशवासियों को नव संवत्सर की असीम शुभकामनाएं। उन्होंने सभी को नववर्ष विक्रम संवत 2080 की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि यह नव संवत्सर देशवासियों के लिए नए नए अवसर लेकर आएं और हमारा भारतवर्ष उन्नति की नित नई ऊंचाइयों को छुए।नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर सभी के जीवन में सुख–संपदा और सौभाग्य की कामना करते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, नवरात्रि की आप सभी को अनंत शुभकामनाएं।

# आंधी—वर्षा से रबी फसलों के नुकसान की केंद्र ने मांगी रिपोर्ट



### राज्य सरकारें करा रही नुकसान का आंकलन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले चार दिनों से असमय वर्षा और आंधी से रबी फसलों की व्यापक क्षति हुई है। सबसे ज्यादा असर गेहूं की खड़ी फसलों पर पड़ा है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार गेहूं एवं सरसों के अतिरिक्त अन्य फसलों को अभी तक अधिक नुकसान नहीं हुआ है। कई राज्यों से गेहूं की खड़ी फसलों की क्षति की सूचनाएं आ रही हैं।

केंद्र सरकार ने राज्यों को नुकसान का आकलन कराने का निर्देश दिया है, ताकि किसानों को सहायता पहुंचाई जा सके। कृषि मंत्रालय के मुताबिक, आंधी–वर्षा से प्रभावित राज्य सरकारें अपने स्तर से फसलों के नुकसान का आकलन कर रही हैं। केंद्र को अभी किसी राज्य की तरफ से रिपोर्ट नहीं मिली है।

राज्यों से कहा गया है कि किसानों को शीघ्र मदद देने के लिए राज्य सरकारें राज्य आपदा राहत कोष का उपयोग कर सकती हैं। राज्यों की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार की ओर से भी राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से अधिक पैसे दिए जा सकते हैं। पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड एवं राजस्थान में गेहूं की सबसे ज्यादा उपज होती है। वर्षा भी इन्हीं राज्यों में अधिक हो रही है। मौसम विभाग ने अभी तीन दिन और वर्षा और आंधी की चेतावनी दी है।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने किसानों को सुझाव दिया है कि वे खड़ी फसलों की कटनी अभी नहीं की जाए। कृषि मंत्रालय को इस बार गेहूं की अच्छी फसल होने की उम्मीद है। इस खरीफ मौसम में 343.2 लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती की गई है। मंत्रालय ने अपने दूसरे अनुमान में देश भर में कुल 11.22 करोड़ टन गेहूं के उत्पादन का आकलन किया है। अभी तक अनुमान के अनुसार सबकुछ ठीक चल रहा था, लेकिन बेमौसम आंधी–वर्षा से अनुमान को झटका लग सकता है।

माना जा रहा है कि तीसरे आकलन में लक्ष्य में एक सीमा तक गिरावट आ सकती है। पंजाब–हरियाणा एवं मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में गेहूं की अगेती फसल होती है, जहां अभी कटनी का समय है, लेकिन बिहार–झारखंड एवं बंगाल जैसे कुछ राज्यों में गेहूं की पिछैती फसल लगाई जाती है, जो अभी खेतों में खड़ी है। मौसम विभाग ने 23 और 24 मार्च को भी गेहूं उत्पादक कई राज्यों में तेज हवाएं और ओलावृष्टि की चेतावनी दी है।

## वैवाहिक दुष्कर्म के अपराधीकरण संबंधी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट नौ मई को करेगा सुनवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैवाहिक दुष्कर्म के अपराधीकरण से संबंधी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट नौ मई को सुनवाई करेगा। ये निर्देश प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने दी। सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध बनाए जाने की मांग वाली याचिकाओं पर गत वर्ष 16 सितंबर को केंद्र सरकार से जवाब मांगा था।

दिल्ली हाई कोर्ट में याचिकाकर्ता खुशबू सैफी की भी एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है जिसमें हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने पिछले साल 11 मई को इस मामले में खंडित फैसला सुनाया था। दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश राजीव शकदर ने पति को दुष्कर्म के अपराध से छूट देने वाली आइपीसी की धारा 375 के अपवाद दो को असंवैधानिक ठहरा दिया था जबकि न्यायाधीश सी. हरिशंकर ने कानून को संविधान सम्मत ठहराया था। सैफी की याचिका में मुख्य मुद्दा आईपीसी की धारा 375 का अपवाद दो है जो कहता है कि अगर कोई पति अपनी पत्नी से उसकी सहमति के बगैर संबंध बनाता है और पत्नी नाबालिग नहीं है तो वह दुष्कर्म नहीं माना जाएगा। सैफी ने याचिका में वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध मानने और पति को दुष्कर्म के अपराध से छूट देने वाले प्राविधान आइपीसी की धारा 375 के अपवाद दो को रद करने के जस्टिस राजीव शकदर के फैसले का समर्थन किया गया है और कानून की धारा को संविधानसम्मत ठहराने वाले जस्टिस सी. हरिशंकर के फैसले को चुनौती दी है।

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति की समीक्षा की



**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री आशुतोष गंगल ने आज फिरोजपुर मंडल का दौरा किया। उनके दौरे का मुख्य उद्देश्य फिरोजपुर मंडल के विभिन्न प्रगतिशील रेल परियोजनाओं, विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण, नवीनतम रेल प्रणालियों के क्रियान्वयन एवं प्रगतिशील विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए विस्तृत समीक्षा की एवं इन समस्त कार्यों को निर्धारित मापदंडों के आधार पर तय समयसीमा पर पूरा करने की अपेक्षा कीक इस समीक्षा में उत्तयर रेलवे के सभी विभागाध्यीक्ष, मंडल रेल प्रबंधक डॉ. सीमा शर्मा और फिरोजपुर मंडल के सभी ब्रांच अधिकारी सम्मिलित थे। महाप्रबंधक महोदय ने सर्वप्रथम अमृत भारत योजना का समीक्षा किया। अमृत भारत योजना के अंतर्गत फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित किया जाना है। उन्होंने फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशन पर स्थित संरचनाओं का जायज़ा लिया। फिरोजपुर मंडल में चल रहे विधुतीकरण, गति शक्ति यूनिट द्वारा किये गए कार्यों, स्टेशन डेवलपमेंट, ट्रैक रिन्यूअल, उधमपुर–श्रीनगर–बारामुल्ला रेल परियोजना, आटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट, माल लोडिंग अनलोडिंग के लिए गुड्स शेड का पुनर्विकास आदि पर अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया। इन समस्त कार्यों विशेषकर उधमपुर–श्रीनगर–बारामुल्ला रेल परियोजना को तय समयसीमा पर पूरा करने के उनको जरुरी दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन किया। उन्होंमने लोकोमोटिवों की उपलब्धाता और उनके समयबद्ध अनुरक्षण पर भी बल दिया। उन्हों ने कहा कि अप्रभावी वैगनों को स्टॉउक से हटाया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि सिगनल प्रणाली को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जायें। समयपालनबद्धता को बनाये रखने और माल लदान और संरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# भाजपा ने कोच्चि में कचरा प्रबंधन में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप, जांच की उठाई मांग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोच्चि में कचरे के ढेर में लगी आग के पीछे कचरा प्रबंधन में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए भाजपा ने इसकी सीबीआई जांच की मांग की है। केरल के भाजपा प्रभारी प्रकाश जावडेकर ने इस भ्रष्टाचार में सत्तारूढ़ वामपंथी गठबंधन (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूनाइडेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) दोनों की भागीदारी के सबूत देते हुए कहा कि दोनों आपसी मिलीभगत से केरल को लूट रहे हैं।

बता दें कि कचरे के ढेर में इस महीने की शुरूआत में आग लगने से कोच्चि की हवा दमघोंटू हो गई थी।

इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए केरल हाइकोर्ट सुनवाई कर रहा है। प्रकाश जावडेकर ने इसके पीछे भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि कोच्चि में कचरा प्रबंधन के लिए ठेका एलडीएफ के पूर्व संयोजक के दामाद की कंपनी जोंटा को 54 करोड़ में दिया गया।

बाद में जोंटा ने यह काम 22 करोड़ के सब कांट्रैक्ट में यूडीएफ के पूर्व संयोजक और केरल कांग्रेस के पूर्व प्रमुख के दामाद को दे दिया।

जावडेकर ने आरोप लगाया कि दोनों कंपनियों ने मिलकर पूरा पैसा डकार लिया और कचरे के ढेर पर कोई काम नहीं किया गया। जिसका नतीजा इस महीने लगी आग के रूप में सामने आया।

प्रकाश जावडेकर ने कहा कि पहले एलडीएफ और यूडीएफ बारी–बारी से पांच–पांच साल के लिए केरल की जनता को लूटने का काम करती थी। लेकिन अब दोनों के बीच भ्रष्टाचार को लेकर भी त्रिपुरा की तरह गठबंधन बन गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि केरल हाईकोर्ट इस मामले में भ्रष्टाचार के स्पष्ट सबूतों को देखते हुए जांच सीबीआई को सौंप देगा। भाजपा वहां खुद को तीसरे विकल्प के रूप में खड़ा करने की कोशिश में जुटी है।

## पुलिस के बूट से कुचलकर चार दिन के नवजात की मौत, ग्रामीणों में जबर्दस्त गुस्सा, सीएम ने दिए जांच के आदेश

**रांची ,(एजेंसी)।** गिरिडीह जिले में बुधवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापामारी के दौरान चार दिन के एक नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि नवजात की मौत एक पुलिसकर्मी के बूट के नीचे दबकर हुई है। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में जबर्दस्त गुस्सा है। इसकी खबर मिलने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य पुलिस मुख्यालय को घटना की जांच कर रिपोर्ट देने और कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## दिवालिया की श्रेणी में 15 बिल्डर के प्रोजेक्ट, प्राधिकरण ने ऑनलाइन की सभी प्रोजेक्ट की सूची

नोएडा (एजेंसी)। नोएडा में ग्रुप हाउसिंग बनाने वाले 15 बिल्डर के प्रोजेक्ट वर्तमान में नेशनल कंपनी ऑफ लॉ की देखरेख में हैं। इन प्रोजेक्ट की दिवालिया प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। इसके साथ ही ग्रुप हाउसिंग के सात प्रोजेक्ट ऐसे भी हैं, जिन्होंने बायर्स से पूरे पैसे तो वसूल लिए हैं लेकिन उनका निर्माण कार्य अब तक अधूरा है। हाल ही में शहर के 115 बिल्डर प्रोजेक्ट की ऑनलाइन की गई सूची में इस बात का खुलासा हुआ है। इस बात को लेकर अब बिल्डरों में हड़कंप मचा हुआ है। प्राधिकरण ने हाल में ही अपनी वेबसाइट पर नोएडा के 115 बिल्डर के प्रोजेक्ट की सूची को ऑनलाइन किया है और उसमें उनकी यथास्थिति भी बताई गई है। शहर के किस बिल्डर प्रोजेक्ट को फिलहाल डिफाल्टर की श्रेणी में रखा गया है, किस बिल्डर को अभी तक ओसी सीसी सर्टिफिकेट और कंपलीशन सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है। किसकी रजिस्ट्री पर रोक लगी है और कितने मामले एनसीएलटी में चल रहे हैं। इसके साथ ही ऐसे बिल्डरों के प्रोजेक्ट की सूची भी जारी की गई है, जहां ओसीसीसी रजिस्ट्री खुल गई है।

# मैकग्रा, हैरिस के अर्द्धशतकों से वॉरियर्स विजयी

मुंबई । यूपी वॉरियर्स ने ग्रेस हैरिस (41 गेंद, 72 रन) और ताहलिया मैकग्रा (38 गेंद, 57 रन) के विस्फोटक अर्द्धशतकों की बदौलत विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में गुजरात जायंट्स को तीन विकेट से हराकर प्लेऑफ के लिये चलीफाई कर लिया।

जायंट्स ने 'करो या मरो' मुकाबले में दयालन हेमलता (57) और एशले गार्डनर (60) के अर्द्धशतकों की मदद से 178 रन बनाये। वॉरियर्स ने 179 रन का लक्ष्य 19.5 ओवर में हासिल करके जायंट्स को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

जायंट्स को शुरुआती झटके लगने के बाद हेमलता और गार्डनर ने चौथे विकेट के लिये 108 रन की साझेदारी करके टीम को संकट से निकाला। हेमलता ने 33 गेंद पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 57 रन बनाये, जबकि गार्डनर ने 39 गेंद पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन बनाकर जायंट्स को दमदार स्कोर तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए वॉरियर्स ने भी तीन विकेट जल्दी गंवा दिये, लेकिन हैरिस–मैकग्रा की जोड़ी एक बार फिर टीम को बचाने के लिये आगे आयी और चौथे विकेट के लिये 78 रन जोड़े। वॉरियर्स ने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले इन दोनों बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिये, हालांकि उसे आखिरी ओवर में जीत के लिये सात रन की जरूरत थी। सोफी एकलेस्टन (19 नाबाद) ने पहली चार गेंद पर पांच रन लेने के बाद पांचवीं गेंद पर चौका जडक़र वॉरियर्स को यादगार जीत दिलाई।



वॉरियर्स ने सात मैच में आठ अंक के साथ डब्ल्यूपीएल तालिका में तीसरे स्थान पर है और उसने प्लेऑफ के लिये चलीफाई कर लिया है। जायंट्स ने आठ मैच में सिर्फ दो जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया, जबकि उसकी इस हार के साथ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (सात मैच, चार अंक) भी टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है।

वॉरियर्स ने 179 रन के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान एलीसा हीला और किरण नवगिरे का विकेट जल्दी गंवा दिया। हीली (12) ने मोनिका पटेल की गेंद पर हरलीन देओल को कैच पकड़ाया, जबकि नवगिरे को किम गार्थ ने आउट किया।

मैकग्रा ने क्रीज़ पर आने के बाद कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन पावरप्ले समाप्त होने से पहले देविका वैद्या भी उनका साथ छोडक़र पवेलियन लौट गयीं। वॉरियर्स के तीन विकेट 39 रन पर गिरने के बाद ग्रेस हैरिस ने मैकग्रा का साथ दिया। इस जोड़ी ने एक बार फिर शतकीय साझेदारी करके वॉरियर्स को संकट से निकाला। इस साझेदारी में मैकग्रा ने मुख्यतः आक्रमक भूमिका निभाई, लेकिन हैरिस ने 12वें ओवर में दो छक्के और एक चौका जडक़र वॉरियर्स को 100 रन के स्कोर के पार पहुंचाया। मैकग्रा ने अगले ओवर में चौका जडक़र अपना अर्द्धशतक पूरा किया।

यह साझेदारी वॉरियर्स को जीत की ओर ले जा रही थी लेकिन गार्डनर ने मैकग्रा को आउट करके मुकाबले को रोमांचक बना दिया। इससे पहले की वॉरियर्स इस झटके से संभलती, स्नेह राणा ने दीप्ति शर्मा को पवेलियन लौटा दिया। मैकग्रा ने 38 गेंद पर 11 चौकों की मदद से 57 रन बनाये, जबकि दीप्ति मात्र छह रन ही बना सकीं।

हैरिस दो लगातार झटके लगने के बावजूद नहीं रुकीं और 17वें ओवर में अपना अर्द्धशतक पूरा करते हुए तनुजा कंवर को दो चौके जड़े। हैरिस की आक्रमकता की मदद से वॉरियर्स 18वें और 19वें ओवर में 23 रन बनाकर लक्ष्य के करीब आ गया। किम गार्थ ने 19वें ओवर की चौथी गेंद पर हैरिस को आउट कर मैच का रोमांच दोबारा बढ़ाया, हालांकि एकलेस्टन ने दबाव में धैर्य का प्रदर्शन करते हुए चौका जडक़र वॉरियर्स को जीत दिलाई।

जायंट्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन आक्रमक शुरुआत के बाद तेजी से तीन विकेट गंवा दिये। सलामी बल्लेबाज लौरा वुलवार्ड और सोफिया डंकली ने पहले विकेट के लिये चार ओवर में 41 रन की साझेदारी की। अंजली सरवानी ने पांचवें ओवर की पहली गेंद पर वुलवार्ड (13 गेंद, 17 रन) को आउट किया, जबकि छह गेंद बाद डंकली (13 गेंद, 23 रन) राजेश्वरी गायकवाड़ का शिकार बन गयीं। गायकवाड़ ने पावरप्ले समाप्त होने से पहले हरलीन देओल को भी चार रन के स्कोर पर आउट किया।

शुरुआती झटके लगने के बाद हालांकि दयालन हेमलता और एशले गार्डनर ने जायंट्स की पारी को संभाल लिया। गार्डनर को नज़रे जमाने में थोड़ा समय लगा लेकिन हेमलता ने शुरुआत से ही तेज बल्लेबाजी की और 30 गेंद में अपना अर्द्धशतक पूरा कर लिया।

हेमलता और गार्डनर ने चौथे विकेट के लिये विशाल साझेदारी करके जायंट्स को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

यह साझेदारी अंतिम ओवरों में वॉरियर्स पर भारी पड़ सकती थी लेकिन पार्शवी चोपड़ा ने दोनों बल्लेबाजों को आउट करके अपनी टीम को राहत दिलाई। इस साझेदारी की बदौलत हालांकि जायंट्स ने अंतिम पांच ओवर में 50 रन जोडक़र 178/6 का स्कोर खड़ा किया।


वॉरियर्स की ओर से पार्शवी ने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये, जबकि गायकवाड़ ने चार ओवर में 39 रन देकर दो सफलताएं हासिल कीं। अंजलि और एकलेस्टन को एक–एक विकेट प्राप्त हुआ।

## लखनऊसुपर जायंट्स ने आईपीएल के लिये कसी कमर

लखनऊ ,। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 31 मार्च से शुरू होने वाले सत्र के लिये लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाडिय़ों ने यहां अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास शुरू कर दिया।

एलएसजी के 13 खिलाड़ी आज शाम इकाना स्टेडियम पहुंचे और शाम पांच बजे से तीन घंटे तक चलने वाले अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। मैदान पर आज पहुंचे खिलाडिय़ों में मंयक यादव,मनन वोहरा,कृष्णप्पा गौथम,करन शर्मा,आयुष बडोनी, अमित मिश्रा,यश ठाकुर,स्वनिल सिंह,युद्धवीर सिंह,डेनिल सैम्स,दीपक हुडा और रवि विश्नोई शामिल थे।इकाना के खूबसूरत मैदान पर एलएसजी अपना पहला मैच एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलेगी। पिछले साल आईपीएल में पदार्पण करने वाली एलएसजी ने शानदार प्रदर्शन करते हुये अपना सफर प्लेआफ तक पहुंचने के बाद खत्म किया था। कप्तान केएल राहुल की अगुवाई में टीम पहली बार अपने घरेलू मैदान पर सात मुकाबले खेलेगी।

## बुंडेसलिगा : बायर ने म्यूनिख को 2–1 से दी मात



बर्लिन ,। बायर लीवरकुसेन के एक्साच्लि पलासिओस ने दो गोल किए, जिससे बुंडेसलिगा में बेयर्न म्यूनिख को 2–1 से मात मिली। शुरूआती दौर में, एफसी बेयर्न ने शानदार तरीके से मैच को खेला, जहां जोशुआ किमिच ने 22वें मिनट में एक गोल दागा और स्कोर 0–1 से कर दिया।हालांकि, इसके बाद लीवरकुसेन ने टीम को कोई मौका नहीं दिया और पलासिओस ने पहले 55वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल किया, जिससे स्कोर 1–1 पर आ गया। ठीक 18 मिनट बाद पेनल्टी स्पॉट से पलासिओस ने एक और गोल किया, जो 73वें मिनट में आया। दो गोल से टीम ने अपनी मजबूती बरकरार रखी और अंत में मैच को अपने नाम किया।

बेयर्न म्यूनिख के टीम मेंबर नागेल्समैन ने कहा, इस हार से टीम को नुकसान हुआ है। हम आज कमजोर पक्ष थे। हमारे पास शक्ति की कमी थी और कुल मिलाकर टीम ने अच्छा नहीं खेला। यह एक सुस्त प्रदर्शन रहा। हमें शीर्ष मुकाबले में डॉर्टमुंड को हराना होगा अन्यथा हमारे लिए बुंडेसलिगा को जीतना कठिन होगा।

वहीं, अन्य मैचों में यूनियन बर्लिन ने जीत के साथ वापसी की और रानी खेडिऱा और केविन बेहरेंस के दूसरे हाफ के गोल की मदद से इंग्टीराहेटी को 2–0 से हराकर शीर्ष तीन में जगह बना ली। वहीं, एक और मुकाबले में माइंज और फ्राइबुर्ख का मैच 1–1 से ड्रा रहा।

## कैपिटल्स ने मुंबई को नौ विकेट से रौंदा

मुंबई ,। दिल्ली कैपिटल्स ने गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट से रौंदकर अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया।

मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 109 रन बनाये। कैपटिल्स ने मेग लैनिंग, शेफाली वर्मा और एलिसे कैपसी की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर 110 रन का लक्ष्य नौ ओवर में ही हासिल कर लिया।सलामी बल्लेबाज शेफाली ने पहले ओवर में मुंबई की गेंदबाजी को बेअसर करते हुए 15 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के साथ 33 रन बनाये, जबकि उनकी जोड़ीदार लैनिंग ने 22 गेंद पर चार चौकों और एक छक्के की सहायता से नाबाद 32 रन की पारी खेली। कैपसी ने अंत में आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 17 गेंद पर एक चौके और पांच छक्कों की मदद से 38 रन बनाये।

## साक्षी, लवलीना क्वार्टरफाइनल में, प्रीति बाहर

नयी दिल्ली । एशियाई चैंपियनशिप 2021 की कांस्य पदक विजेता साक्षी चौधरी और टोक्यो ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोर्गोहेन ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री–चर्टरफाइनल में सोमवार को अपने–अपने मुकाबले सर्वसम्मति से जीतकर चर्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।साक्षी ने 52 किग्रा वर्ग के एकतरफा मुकाबले में कज़ाकस्तान की ज़जिऱा उराकबायेवा पर शुरू से ही दबाव बनाया और 5–0 से जीत दर्ज की। लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग में मेक्सिको की वनेसा ओर्टिज़ को 5–0 से हराया।इंदिरा गांधी खेल परिसर पर आयोजित चैंपियनशिप में लवलीना ने अपने मुकाबले की रक्षात्मक शुरुआत की और उन्हें लय हासिल करने में समय लगा। छोटे कद की ओर्टिज़ के विरुद्ध लवलीना को सूझबूझ से डिफेंस करना पड़ा लेकिन जैसे–जैसे बाउट आगे बढ़ता गया, लवलीना



अपनी विपक्षी खिलाड़ी पर हावी हो गयीं।लवलीना ने जीत के बाद कहा, विपक्षी मुक्केबाज का कद मुझसे छोटा था। मेरी कोशिश थी कि मैं आगे आकर खेलूं लेकिन छोटे मुक्केबाज के खिलाफ ऐसा करना आसान नहीं है। मैंने काफी सारी योजनाएं बनायी थीं लेकिन मैं सब पर अमल नहीं कर सकी। मैं बेहतर कर सकती थी। कोशिश होगी कि अगले बाउट में इससे भी बेहतर कर सकूं।उन्होंने कहा, मैं पहली बार 75 किग्रा भार वर्ग में खेल रही हूं। अन्य मुक्केबाज पहले से ही इस वर्ग में हैं तो यह मेरे लिये मुश्किल होगा लेकिन मैं अपना 100 प्रतिशत प्रयास करूंगी।दूसरी ओर, साक्षी ने अपनी पहुंच का शानदार इस्तेमाल किया और दोनों हाथों से लगातार मुक्के बरसाये। वह शुरुआत से ही पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं और पहले राउंड में जीत हासिल की।

दो बार की विश्व युवा चैंपियन ने अगले दोनों राउंड में अपने प्रतिद्वंद्वी को वापसी करने का मौका नहीं दिया और अपनी गति एवं चतुर आक्रमण रणनीति के साथ सर्वसम्मत निर्णय से आसानी से दर्ज कर ली।साक्षी ने जीत के बाद कहा, काजाकिस्तान की मुक्केबाज (उराकबायेवा) मजबूत प्रतिद्वंदी थी इसलिए मैंने सोचा कि लड़ाई का स्कोर ऊपर या नीचे जा सकता है लेकिन कोचों और बीएफआई की रणनीति का पालन करने के बाद मैं अच्छा खेल सकी।उन्होंने घरेलू समर्थन के बारे में कहा, इसके अलावा, जो लोग हमारा समर्थन करने आये उन्होंने मुझे जीतने के लिये प्रेरित किया। मैं पहली बार उसके खिलाफ खेल रही थी ।

# फिल्मी सफर

## राजकुमार राव की भीड़ का पहला गाना हेरेल बा जारी, भोजपुरी में हैं बोल

फिल्म भीड़ की टीम ने मूवी का पहला गाना रिलीज कर दिया है, जो इस समय निरंतर चर्चाओं में बना हुआ है। भोजपुरी बोली में गाना कोविड के सबसे कठिन वक्त की जमीनी हकीकत को दर्शा रहा है। गाने के बोल बताते हैं कि कैसे एक एलान ने उन प्रवासी श्रमिकों को मजबूर कर दिया, जिन्होंने अपनी रोटी कमाने के लिए वर्ष भर चौबीसों घंटे काम किया है, उन्हें एक सेकंड में बाहर निकाल दिया गया।

यह उन शॉट्स को भी दर्शाता है जहां हर कोई भोजन कमाने का प्रयास कर रहा था और कैसे प्रवासी श्रमिकों को उनके मूल अधिकारों तक पहुंच की मंजूरी नहीं थी।

इस गाने को ओमप्रकाश यादव और अनुराग सैकिया के द्वारा गाया गया है, अनुराग सैकिया ने संगीत दिया है और इसके बोल डॉ. सागर ने लिखे हैं। टीम ने एक कैप्शन के




साथ सोशल मीडिया पर शेयर किया । कुछ समय पहले खबरें सामने आई थी कि राजकुमार राव और भूमि पेडनाकर अपनी आने वाली फिल्म के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। भीड़ फिल्म निर्माता इस हालिया प्रवासी की तुलना भारत के 1947 के विभाजन से करते है। फिल्म के निर्माताओं ने आखिरकार तारिलेर रिलीज कर दिया है। भीड़ में पंकज कपूर, आशुतोष राणा, दीया मिर्जा, वीरेंद्र सक्सेना, कृतिका कामरा और अन्य भी दिखाई देने वाले है। फिल्म 24 मार्च, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। राजकुमार ने आगामी फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर साझा किया।

मूवी 2020 में कोविड –19 लॉकडाउन के शुरुआती महीनों को दिखाती है जब शहरों के प्रवासी कामगार भोजन या पैसे तक पहुंच नहीं होने के बाद अपने गांवों में वापस चले गए। ट्रेलर को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, हम कहानी बताते हैं उस वक्त की जब बटवारा देश में नहीं, समाज में हुआ था। ट्रेलर में रेलवे ट्रैक और बस स्टॉप पर लोगों की भीड़ को दिखाया गया है। वॉयसओवर बताता है कि यह परिदृश्य 1947 में भारत के विभाजन से नहीं है, बल्कि वे 2020 के लॉकडाउन चरण से हैं, जब देश भर में कोरोनोवायरस के मामलों में वृद्धि के परिणामस्वरूप राज्य की सीमाएं बंद कर दी गई थीं। नतीजतन, हजारों लोग फंसे रह गए। इसे टैगलाइन के साथ रिलीज़ किया गया, निर्देशक ने वैरायटी को बताया कि निर्माताओं ने कहानी को ब्लैक एंड व्हाइट में कहने का फैसला क्यों किया।

## निया शर्मा और सुनील शेट्टी ने दइया दइया गाने पर ठुमके लगाए


नागिन 4 की अभिनेत्री निया शर्मा ने बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी के साथ काम करने और वेब सीरीज हंटर– टूटेगा नहीं तोड़ेगा से नेहा कक्कड़ द्वारा गाए गए लेटेस्ट ट्रैक दइया दइया का हिस्सा बनने के अपने अनुभव को साझा किया। निया ने साझा किया कि उन्हें सुनील के साथ काम करने में मजा आया और वह उनकी फिटनेस देखकर प्रभावित हुईं। अभिनेत्री निया शर्मा ने कहा कि यह गाना एनर्जी से भरपूर है और यह उन सबसे मजेदार और चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक है, जिनका मैं हिस्सा रही हूं। महान अभिनेता सुनील शेट्टी के साथ काम करना निश्चित रूप से एक खुशी की बात थी मैं उनकी फिटनेस और उनके कुल लक्ष्यों से अचंभित हूं। मुझे उम्मीद है कि



दर्शक ट्रैक को पसंद करेंगे और इसके लिए अपना प्यार दिखाएंगे।

वेब सीरीज में एसीपी विक्रम सिन्हा की भूमिका निभाने वाले सुनील ने कहा कि दइया दइया, एक गाने के रूप में शो में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मैंने इसका हिस्सा बनकर आनंद लिया है। डांस स्टेप्स और संगीत रहस्यपूर्ण है और मुझे यकीन है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे। दूसरी ओर, नेहा ने गाने के बारे में भी बात की और दर्शकों को यह क्यों पसंद आएगा यह बताया। उन्होंने कहा, ट्रैक में अपने आप में एक मजेदार तत्व है, यह आपको चिढ़ाता है और आपको थिरकने पर मजबूर करने की शक्ति रखता है।

## योद्धा के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने शुरू की शूटिंग



अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी अगली एक्शन थ्रिलर योद्धा की शूटिंग फिर से शुरू कर दी है। सिद्धार्थ ने इंस्टाग्राम पर अपनी स्टोरीज पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो शहर का एक ध्श्य दिखाता है और उस पर सुबह 6 बजे का टाइम स्टैम्प लगा है।

कैप्शन के लिए उन्होंने लिखाः हैशटैग योद्धा।

पुष्कर ओझा और सागर अंब्रे द्वारा निर्देशित थ्रिलर योद्धा एक हाइजैकिंग कहानी पर आधारित फिल्म है। इसमें सिद्धार्थ एक्शन से भरपूर भूमिका में और बिल्कुल नए अवतार में हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ को–स्टार दिशा पटानी और राशि खन्ना नजर आएंगी।

इसके अलावा रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली द इंडियन पुलिस फोर्स भी उनके पास है जो एक्शन से भरा है।

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी जब से शादी के बंधन में बंधे हैं, यह जोड़ी तब से लगातार चर्चा में हैं। पिछले दिनों चर्चाएं थीं कि सिद्धार्थ–कियारा ने करण जौहर संग 3 फिल्मों का करार किया है और यह जोड़ी एक रोमांटिक–कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बनने वाली है।

अब सिद्धार्थ संग रोमांटिक फिल्म करने की खबरों पर कियारा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि वह सिद्धार्थ संग एक बार फिर स्क्रीन साझा करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। कियारा और सिद्धार्थ को फिल्म शेरशाह में साथ देखा गया था। फिल्म में सिद्धार्थ कैप्टन के किरदार में तो कियारा डिंपल की भूमिका में लोगों को काफी पसंद आई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी दौरान ही दोनों में नजदीकियां बढ़ीं।

## सलमान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान का नया गाना जी रहे थे हम रिलीज

बॉलीवुड के दबंग खान यानी सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म किसी का भाई किसी की जान का नया गाना ह्यजी रहे थे हमह्न रिलीज हो गया है. दिलचस्प बात ये है कि इस गाने को खुद भाईजान ने गाया है. रोमांटिक ट्रैक में सलमान खान और पूजा हेगड़े की जबरदस्त केमिस्ट्री देखी जा सकती है.

सलमान खान ने खुद ट्विटर पर गाने की रिलीज की अनाउंसमेंट की है और इस सॉन्ग का लिंक भी शेयर किया है. इतना ही नहीं उन्होंने लोगों को गाने का सिग्नेचर स्टेप करने का चैलेंज भी दिया है. सलमान ने ट्विटर पर की गई पोस्ट में लिखा है, वो जो फॉलिंग वाला



स्टेप है जिसमें कोई स्टेप नहीं है, वो करके दिखा दो लव का तो पता नहीं फॉलिंग इज श्योर

किसी का भाई किसी की जान की नये सॉन्ग ह्यजी रहे थे हमह्न में सलमान खान ब्लश करते हुए पूजा हेगड़े के लिए अपनी फीलिंग्स बयां करते नजर आ रहे हैं. वहीं गाने में सिद्धार्थ निगम, राघव जुयाल और जस्सी गिल भी नजर आ रहे हैं. सलमान गाने में पूजा के साथ डांस भी करते नजर आते हैं.

बता दें कि ह्यजी रहे थे हमह्न से पहले किसी का भाई किसी की जान के दो और गाने रिलीज हो चुके हैं. नइयो लगदा फिल्म का पहला सॉन्ग था जिसे रिलीज किया गया था इसे काफी पसंद किया गया है वहीं इसके बाद बिल्ली बिल्ली सॉन्ग रिलीज किया गया. पार्टी डांस नंबर से सॉन्ग भी हिट रहा था. वहीं ह्यजी रहे थे हमह्न गाने को ऑडियंस का मिक्स रिस्पॉन्स मिला है. किसी को सलमान खान की आवाज में गाया ये गाना पसंद आया है तो कई ट्रोल भी कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, आवाज बहुत पैथेटिक है.

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com